चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 123, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 01 जून 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## भाजपा को हराने के लिए विपक्षी एकता जरूरी: राहुल

### अगर विपक्ष 'ठीक से गठबंधन' बनाकर बीजेपी को घेरने का काम करें: राहुल गांधी

**सांता क्लारा:** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी इस समय अमेरिका में हैं। इस बीच उन्होंने भारतीय मूल के अमेरिकी लोगों से मुलाकात की और दावा किया की आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हराया जा सकता है। राहुल ने कहा कि दिल्ली की सत्ता पर बैठी बीजेपी को आसानी से हराया जा सकता है अगर विपक्ष 'ठीक से गठबंधन' बनाकर उसे सही तरह से घेरने का काम करे।

**'भाजपा की खामियों को अच्छी तरह से जानते हैं':** 30 मई को सांताक्रूज स्थित कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के सिलिकॉन वैली कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी शामिल हुए। यहां उन्होंने दर्शकों के सवालों का जवाब दिया और कहा कि वह भाजपा की खामियों को अच्छी तरह से जानते हैं, इसलिए उन्हें उम्मीद है कि वो बीजेपी को सत्ता से बाहर कर सकती है।

**कर्नाटक की जीत का किया जिक्र:** कर्नाटक की जीत का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बीजेपी से लड़ाई लड़ी और बीजेपी को हरा दिया। कांग्रेस पार्टी ने एक बड़ी जीत



हासिल करने के लिए लंबे समय से काम किया और भाजपा इसे भांप नहीं पाई। यहीं कारण है कि भाजपा कर्नाटक में बुरी तरह हार गई। कर्नाटक में कांग्रेस की जीत का असर भारत जोड़ो यात्रा से देखने को मिला। राहुल गांधी ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी भारत जोड़ो यात्रा को कई बार रोकने की कोशिश की गई, लेकिन जनता का साथ होने के कारण वह कुछ नहीं कर पाई।

**राहुल गांधी का भाजपा पर आरोप:** गांधी ने यह भी कहा कि कर्नाटक चुनाव में बीजेपी ने कांग्रेस पार्टी से 10 गुना ज्यादा पैसा खर्च किया। उन्होंने कहा कि देश को 2024 के आम चुनावों में एकजुट विपक्ष होने के अलावा, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने के लिए एक वैकल्पिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

### राहुल के कार्यक्रम में लहराए गए खालिस्तानी झंडे

**सांता क्लारा (अमेरिका):** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के अमेरिका दौरे के दौरान उनके कार्यक्रम में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा नारेबाजी की गई। बता दें कि जब राहुल गांधी प्रवासी भारतीयों को संबोधित कर रहे थे, तभी कुछ खालिस्तानी समर्थकों ने उनके कार्यक्रम में नारेबाजी शुरू कर दी। यहीं नहीं उन्होंने वहां खालिस्तानी झंडा भी फहराया।

**खालिस्तानी समर्थकों ने राहुल के कार्यक्रम में किया हंगामा:** दरअसल, राहुल गांधी अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। तभी वहां मौजूद दर्शकों में से कुछ लोगों ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के संबंध में उनके और गांधी परिवार के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। हालांकि, नारेबाजी के जवाब में राहुल गांधी मुस्कुराए और कहा कि 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान का स्वागत है।'

**राहुल गांधी ने लगाए 'भारत जोड़ो' के नारे:** इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो के नारे लगाए। राहुल ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि कांग्रेस पार्टी के बारे में दिलचस्प बात यह है कि हमें हर किसी से प्यार है।

### जब लूट की बात होती है तो वह किसी से भेदभाव नहीं करती: पीएम मोदी

## कांग्रेस 85 फीसदी कमीशन खाने वाली पार्टी: मोदी

**अजमेर: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में भाजपा का चुनावी अभियान शुरू किया। अजमेर में चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास की योजनाओं में 85 फीसदी कमीशन खाने वाली पार्टी है। कांग्रेस लूटने में किसी के साथ भेदभाव नहीं करती है। गरीब हो, वंचित हो, आदिवासी हो, दलित हो, अल्पसंख्यक हो, सबको समान भाव से लूटती है। कांग्रेस ने करोड़ों महिलाओं और बच्चों के साथ खिलवाड़ किया। जब कांग्रेस की सरकार थी तब देश में टीकाकरण का दायरा 60% ही पहुंच पाया। तब 100 में 40 महिलाएं और बच्चे ऐसे होते थे, जिनको जीवनरक्षक टीके नहीं लग पाते थे। यदि अभी कांग्रेस सरकार होती तो कोरोना का टीका सबको लगाने में 40 साल लग जाते। ये नवनिर्माण का दौर चल रहा है। 2014 से पहले पूरे देश में जनता भ्रष्टाचार के विरुद्ध सड़क पर उतरी हुई थी। बड़े शहरों में आए दिन आतंकी हमले होते थे, सीमा पर कांग्रेस सरकार सड़कें बनाने से डरती थी। जनसभा से पहले वे पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। ब्रह्मा मंदिर के पुजारियों ने उनका साफा पहनाकर स्वागत किया। मोदी ने यहां आरती और परिक्रमा करने के बाद मंदिर के बारे में पुजारियों से बातचीत भी की। मंदिर में दर्शन के बाद मोदी कायड़ विश्राम स्थली पर पहुंचे। केंद्र सरकार के 9 साल पूरे होने के मौके पर भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान की शुरूआत अजमेर से की गई है।

**कांग्रेस की गारंटी विश्वासघात:** कांग्रेस की गारंटी देने की आदत पुरानी है। उन्होंने 50 साल पहले ही गरीबी हटाने की गारंटी दी थी, यह देश के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात





था। अब दुनिया के एक्सपर्ट कह रहे हैं कि भारत अतिगरीबी को समाप्त करने के बहुत निकट है। राजस्थान में लाखों महिलाओं और बच्चों को बचाने का काम बीजेपी सरकार ने किया।

**90 करोड़ लोगों ने नल कनेक्शन पहुंचाया:** 2014 तक 18 करोड़ ऐसे परिवार थे, जिनके पास पाइप से पानी का कनेक्शन नहीं था। हमने पूरे देश में 90 करोड़ लोगों तक नल-जल कनेक्शन पहुंचाया है। यदि कांग्रेस की सरकार होती तो यह काम करने में 20 साल और लग जाते।

**वन रैंक वन पेंशन के नाम पर सैनिकों से धोखा:** कांग्रेस ने वीरों की धरती और यहां के वीरों के साथ हमेशा धोखा किया है। कांग्रेस ही है जो चार दशक तक वन रैंक वन पेंशन के नाम पर सैनिकों के साथ विश्वासघात करती रही है।

### यह भारत का दशक, भारत की सदी

**ये** भारत के ही लोग है, जिनकी वजह से दुनिया कह रही है यह भारत का दशक है भारत की सदी है। भारत की यह कामयाबी कुछ लोगों को पच नहीं रही है। तीन दिन पहले देश को नया संसद भवन मिला। लेकिन कांग्रेस और इसके जैसे कुछ दलों ने इस पर भी राजनीति का कीचड़ उछाला।

**कांग्रेस ने किसानों का कर्जमाफ नहीं किया:** कांग्रेस ने 10 दिन में किसानों का कर्जमाफ करने की गारंटी दी थी। 2018 से राजस्थान में सरकार में हैं, आज तक गारंटी पूरी नहीं हुई। ये जो गारंटी देते हैं, उसे यदि अमल में लाया जाए तो दिवाला निकल जाए, इसलिए राजस्थान को कांग्रेस से सावधान रहने की जरूरत है।

**8 महीने में राजस्थान का छठा दौरा:** आठ महीने में प्रधानमंत्री मोदी का राजस्थान में यह छठा दौरा है। 10 मई को उन्होंने सिरोही के आबूरोड में सभा की थी। इसके पहले 12 फरवरी को मोदी ने दौसा में सभा की थी। 28 जनवरी को मोदी ने भीलवाड़ा के आसींद में सभा की थी। पिछले साल 1 नवंबर को मोदी ने बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में सभा की थी। इससे पहले 30 नवंबर को मोदी सिरोही के आबूरोड आए थे।

## प्रदर्शनकारी पहलवान धैर्य रखें: खेल मंत्री

### पहलवानों को जांच पर विश्वास करना चाहिए: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली: खेल मंत्री** अनुराग ठाकुर ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से धैर्य रखने की अपील की है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पहलवानों को जांच पर विश्वास करना चाहिए। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित कई पहलवान बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के मामलों को लेकर धरने पर बैठे थे। 28 मई को संसद भवन की ओर मार्च करते समय खिलाड़ियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था और उनके खिलाफ



एफआईआर दर्ज की। इससे नाराज पहलवानों ने अपने मेडल को हरिद्वार जाकर गंगा में विसर्जित करने का फैसला किया। हालांकि, जब खिलाड़ी हरिद्वार गए तो उन्होंने किसान नेता नरेश टिकैत के कहने पर अपना फैसला बदल लिया। खेल मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए पहलवानों से कहा, "जांच पूरी होने दीजिए।

### 'फर्जी गांधी' हैं राहुल गांधी: बीजेपी

**नई दिल्ली:** संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के अमेरिका दौरे पर दिए बयान को लेकर उन पर निशाना साधा है।

प्रह्लाद जोशी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को 'फर्जी गांधी' बताया है और कहा कि वह कुछ नहीं जानते हैं, लेकिन हर एक चीज के विशेषज्ञ बन गए हैं।

**प्रह्लाद जोशी ने राहुल गांधी पर साधा निशाना:** संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता के इतिहास का ज्ञान उनके परिवार से आगे नहीं बढ़ पाया है।

## पीएम से भी अधिक सुरक्षा अभिषेक को मिली




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए आसन्न पंचायत चुनाव में उम्मीदवारों के चयन हेतु जनसंपर्क यात्रा कर रहे हैं। इस दौरान उनकी सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री मोदी से भी अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने सवाल खड़ा किया है। उन्होंने दावा किया है कि केवल एक दिन में अभिषेक की सुरक्षा के लिए 2245 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। शुभेंदु ने बुधवार को ट्विटर पर लिखा है, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के जवान करते हैं। देशभर के लोगों को ऐसा लगता होगा कि उनकी सुरक्षा शायद सबसे बड़ी है लेकिन आपको जानकर आश्चर्य होगा कि ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की सुरक्षा में 2245 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। केवल एक व्यक्ति की सुरक्षा के लिए इतने पुलिसकर्मी। इतने अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती न केवल भारत बल्कि दुनिया के किसी भी देश में राष्ट्राध्यक्षों को भी नहीं मिलती होगी।" उनका दावा है कि "पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था बद से बदतर हुई है। अगर पिछले कुछ हफ्तों की बात करें तो दर्जनों लोग केवल ब्लास्ट में मारे गए हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। अनगिनत राजनीतिज्ञों की बंगाल में निर्मम हत्या हुई जबकि महिलाओं पर बर्बर अत्याचार असीमित हैं। दक्षिण बंगाल के थाने लगभग खाली हो गए हैं क्योंकि सड़कों पर केवल एक व्यक्ति की सुरक्षा के लिए सभी लोगों को लगा दिया गया है। इसकी वजह सिर्फ इतनी है कि वह व्यक्ति राजनीतिक पर्यटन पर निकला हुआ है।

## 700 लाख टन भंडारण क्षमता विकसित करेगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सहकारी क्षेत्र के माध्यम से दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना लेकर आई है। इसके तहत एक लाख करोड़ रुपये खर्च करके 700 लाख टन भंडारण क्षमता विकसित की जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में इसके लिए एक अंतरमंत्रालयी समिति बनाए जाने को मंजूरी दी है। सहकारिता मंत्री इसके अध्यक्ष होंगे। इसमें कृषि एवं किसान कल्याण; खाद्य प्रसंस्करण उद्योग; उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से जुड़े और मंत्री और सचिव शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि इससे कृषि क्षेत्र में भंडारण क्षमता की कमी को दूर किया जाएगा। वर्तमान में देश के पास उत्पादन के लिहाज से 47 प्रतिशत ही भंडारण क्षमता है। इस समय 310 लाख टन के मुकाबले कुल 1450 लाख टन की भंडारण क्षमता है। सहकारिता के माध्यम से इसमें 700 टन लाख टन भंडारण क्षमता का इजाफा किया जाएगा। यह भंडारण क्षमता विकेंद्रीकृत होगी और ब्लॉक स्तर पर 2000 लाख टन के भंडारण क्षमता के गोदाम बनाए जाएंगे।

### श्रृंगार गौरी पूजा अधिकार को लेकर मसाजिद कमेटी की याचिका खारिज

## ज्ञानवापी: नियमित पूजा का चलता रहेगा केस


**प्रयागराज: वाराणसी,** ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा अधिकार मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी वाराणसी की तरफ से दाखिल पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दिया है। सिविल वाद की पोषणीयता पर याची की आपत्ति अस्वीकार कर दी है। राखी सिंह व नौ अन्य महिलाओं ने पूजा के अधिकार को लेकर वाराणसी की जिला अदालत में सिविल वाद दायर



किया। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी वाराणसी ने वाद की पोषणीयता पर आपत्ति करते हुए अर्जी दाखिल की कि कोर्ट को प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991के उपबंधो के तहत अदालत को वाद सुनने का अधिकार नहीं है। अदालत ने कमेटी की अर्जी खारिज कर दी । जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। तर्क था कि उपासना स्थल अधिनियम से नियमित पूजा प्रतिबंधित है। क्यों कि पूजा से स्थल की धार्मिक प्रकृति से छेड़छाड़ होगी।जो कानूनन नहीं किया जा सकता।इसलिए यहां नियमित पूजा की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। मयार्दा कानून के आधार पर सिविल वाद को मियाद बाधित करार दिया। कहा कि चालाकी से पूजा के अधिकार की मांग में दाखिल सिविल वाद से विपक्षी के अधिकारों में हस्तक्षेप करने की कोशिश की गई है।

## आईएनएस विक्रांत पर उतरा एमएच-60 'रोमियो' हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का एमएच-60 'रोमियो' हेलीकॉप्टर बुधवार को पहली बार देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत पर उतारा गया। एमएच-60आर मल्टीरोल हेलीकॉप्टर है, जो खोज और बचाव के अलावा एंटी-सबमरीन और एंटी-शिप मिशन करने में सक्षम है। हाल ही में नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ यह अमेरिकी हेलीकॉप्टर अब पूरी तरह से काम कर रहा है। इस हेलीकॉप्टर में नाइट विजन उपकरण, हेलिफायर मिसाइलें, एमके-54 टॉरपीडो और रॉकेट लगे हैं। देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर पिछले माह रात के समय कामोव 31 हेलीकॉप्टर उतार कर 'नाइट लैंडिंग' का सफल परीक्षण किया जा चुका है। सुरक्षा के




लिहाज से यह काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि परीक्षण के दौरान स्वदेशी प्रकाश सहायक उपकरण और शिपबोर्न सिस्टम का इस्तेमाल किया गया, जो पूरी तरह सफल सिद्ध हुए। इससे पहले 06 फरवरी को 'एलसीए नेवी' की दिन में लैंडिंग और टेक ऑफ का परीक्षण किया जा चुका है। लड़ाकू विमानों के परीक्षण पूरे होने के बाद आईएनएस विक्रांत जून तक पूरी तरह से ऑपरेशनल हो जाएगा। देश के स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर 25 मई को भारतीय नौसेना ने मिग-29के विमान की पहली बार रात को लैंडिंग करके एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर पार किया है। इस चुनौतीपूर्ण नाइट लैंडिंग ट्रायल ने विक्रांत के चालक दल और नौसेना के पायलटों के संकल्प, कौशल और व्यावसायिकता को प्रदर्शित किया। धीरे-धीरे सभी ट्रायल होने के बाद अब आईएनएस विक्रांत पूरी तरह से चालू होने के करीब एक कदम आगे बढ़ गया है। एक वर्ष के भीतर रात में लैंडिंग के साथ-साथ विमान और जहाज के बीच अनुकूलता स्थापित करने की पूरी प्रक्रिया इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बनाती है।

## अगर एक भी आरोप साबित हुआ तो खुद फांसी लगा लूंगा: बृजभूषण

**बाराबंकी: भारतीय** कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने महिला पहलवानों के द्वारा मेडल गंगा में बहा देने की चेतावनी पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद ने बाराबंकी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने कहा था कि अगर एक भी आरोप मेरे ऊपर साबित हो जाएगा तो मैं स्वयं फांसी पर लटक जाऊंगा। आज भी मैं उसी बात पर कायम हूं। भाजपा सांसद ने कहा



कि चार महीने हो गए वो मेरी फांसी चाहते हैं लेकिन सरकार मुझे फांसी नहीं दे रही है तो वो (पहलवान) अपना मेडल लेकर गंगा में बहाने जा रहे हैं। मुझ पर आरोप लगाने वालों गंगा में मेडल बहाने से बृज भूषण को फांसी नहीं मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### बारा में रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई पहचान

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिले शव की पहचान हो गई है। यह शव मंगलवार को पाया गया था। शव मिलने की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। जानकारी के मुताबिक बारा थाना क्षेत्र के अतरसुइया गांव के रहने वाले प्रदीप मिश्र का पुत्र नमन मिश्र (16) मंगलवार को सुबह घर से निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। इधर, उसी दिन दोपहर को क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर एक शव पाया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर ही शव की पहचान कराने की कोशिश की, पर सफलता नहीं मिल पाई। इधर, पुलिस ने शव को अज्ञात में चीरघर भेजने की तैयारी शुरू कर दी और साथ ही साथ पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया। बताया जाता है कि मंगलवार की रात तकरीबन 11 बजे उक्त शव की पहचान नमन मिश्र के रूप में हुई। जैसे ही इसकी जानकारी घरवालों को हुई, कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन पुलिस के पास पहुंच गए और पूरी जानकारी ली। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। बारा थाना प्रभारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि मामला आत्महत्या का लग रहा है, जबकि परिजनों से बात करने हत्या की आशंका जताई गई है। परिजनों का कहना है कि नमन की हत्या कर उसे रेलवे ट्रैक पर लेटाया गया है। नमन तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

# 24 घंटे बाद ढाई किमी दूर मिली छात्र की लाश

## दोस्त और भाई को बचाने में गंगा में डूबा था, परिवार के साथ आया था घूमने





अखंड भारत संदेश

**नैनी,प्रयागराज।** प्रयागराज में नैनी कोतवाली क्षेत्र के अरैल पक्के घाट पर गंगा दशहरा पर सेल्फी प्वाइंट के सामने संगम में स्नान करते समय डूबे नौवीं कक्षा के छात्र की लाश 24 घंटे बाद मिल गई। घटनास्थल से दो किमी दूर डीपीएस स्कूल के पास शव बरामद हुआ। परिजनों के अनुरोध पर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर लाश को परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया। यमुनानगर के नैनी कोतवाली अंतर्गत चक रघुनाथ राम मंदिर के पीछे रहने वाले रमेश चंद्र गुप्ता का खुद का कारोबार है। उनके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। पत्नी गुड़िया गुप्ता कुशल गृहणी हैं। बड़ा बेटा उज्जवल गुप्ता सेंट जॉन एकेडमी रामपुर औद्योगिक क्षेत्र में 9वीं कक्षा का छात्र था। गंगा दशहरा पर मंगलवार की शाम रमेश चंद्र गुप्ता अपनी पत्नी गुड़िया देवी, बेटे उज्जवल गुप्ता, लल्ला गुप्ता, बेटी बिट्टू और छोटी के अलावा अन्य परिवार के लोगों के साथ संगम स्नान के लिए अरैल पक्का घाट गए थे। संगम में नहाने के दौरान उज्जवल का एक भाई और दोस्त डूबने लगे। उज्जवल उन्हें बचाने के लिए दौड़ा। वह दोनों तो बच गए, लेकिन उज्जवल डूब गया था। रात होने की वजह से मंगलवार को उज्जवल की खोज भी नहीं हो पाई थी। बुधवार सुबह से ही जल पुलिस, गोताखोर और एसडीआरएफ की टीमों ने जाल डालकर उसकी खोजबीन शुरू की। दिनभर की कड़ी मशक्कत के बाद डीपीएस स्कूल के समीप घटनास्थल से करीब 2 से 3 किलोमीटर आगे उज्जवल की लाश बरामद कर ली गई।

# सांसद की अगुवाई में मुख्यमंत्री से मिले भाजपाई

## मिशन के संयोजक ने उठाई आवाज

अखंड भारत संदेश



**करछना/सिरसा।** प्रयागराज की सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी की अगुवाई में पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह के साथ भाजपा प्रतिनिधि मण्डल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराते हुए सार्थक पहल की मांग की। इस दौरान जागृति मिशन और भाजपा अभियान समिति के संयोजक डॉ भगवत पांडेय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा द्वारा जमुनापार के बारा,शंकरगढ़ क्षेत्र के किसानों की सिंचाई हेतु स्थापित कमला पम्प प्रखण्ड नहर और भोंडी पम्प कैनाल को लेकर आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि तत्कालीन नहर का बिस्तर न होने से अभी भी क्षेत्र के पथरीले भू भाग में बसे कपारी,जोरवट,भैसहाई,शिवराजपुर, शंकरगढ़, गाढ़ा, कटरा, छिपिया, लेदर, बिहरिया, आमगोदर, मौहरिया, अमयपुर, बड़गडी, गोल्हैया समेत कई गांवों के किसान अभी भी सिंचाई सुविधा से बंचित हैं। करिया रजबहा से जोड़कर यदि 10किलोमीटर और नहर का बिस्तार कर दिया जाय तो किसानों को नया जीवन मिल जाएगा। इसके अलावा प्राचीन नगर पंचायत सिरसा के प्राचीन श्रीनाथ मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष पर्यटकों और कांवरियों के विशाल मेले हेतु ध्यानाकर्षण कराते हुए समीप स्थित गंगा घाट को पक्का बनाने की आवाज उठाई। इसी दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के विद्युत और नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा से भी मुलाकात कर स्थानीय सिरसा बाजार की सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग करते हुए नगर में आने का आग्रह किया।।लोगों ने कहा कि इससे बहुत बड़ी आबादी को जरूरी सुविधा मुहैया होगी। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रतिनिधि मंण्डल को आश्वासन देते हुए शीघ्र ही पहल करने की बात कही। इस मौके जिला महामंत्री राजेश शुक्ला,सिरसा नगर पंचायत अध्यक्ष कमल केसरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

**सिरसा प्रतिनिधि के अनुसार** प्रतिनिधि मण्डल दल में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष विपिन केशरी ने सिरसा में उखड़ी हुई सड़कों तथा पक्का घाट बनाने के लिए मांग किया। लखन केसरी ने बताया कि सिरसा में नाली और सड़क की साफ-सफाई सहित कई समस्यायें वर्षो से पड़ी हुई है जिसे समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर बताया। उक्त समस्या के निदान के लिए उन्होंने आश्वासन दिया। इसी संदर्भ में नगर विकास मंत्री से मिलकर समस्या निदान की गुजारिश की, उन्होंने भी पूर्ण आश्वाशन दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने आश्वस्त होते हुए कहा कि सिरसा में ट्रिपल इंजन की गति से विकास कार्य होगा। नगरपंचायत अध्यक्ष ने कहा कि विकास और व्यपार को बढ़ावा देना मेरी पहली प्रथिमिकता होगी।



### समर कैंप से बच्चों में प्रतिभाओं का होता हैं विकास

**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र के ब्लाक उरूवा के अंतर्गत दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज में चल रहे दस दिवसीय समर कैम्प का आज समापन हुआ। मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन सुशील मिश्रा ने कहा कि आज के दौर में बच्चों पर पढ़ाई लिखाई का अत्यधिक दबाव बन रहा है। ऐसे में समर कैम्प के माध्यम से खेल-खेल में मासूम बच्चों को पढ़ाई के रूप में अन्य प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों का चतुमुर्खी विकास होता हैं। खेल खेल से कई प्रकार की शिक्षा प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा दिया जाता है। विद्यालय की प्रबंधक डॉक्टर स्वतंत्र मिश्रा ने कहा कि हमारा ध्येय एवं संकल्प बच्चों को हर तरह की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रशिक्षित लोगों को बुलाकर अपने समर कैंप में उनका क्लास कराकर बच्चों को प्रशिक्षित कराते है। जिससे बच्चों को एक नई प्रकार की अनुभूति हो। समर कैंप मे आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में ब्लू एण्ड ग्रीन हाउस संयुक्त रुप से विजेता रही, जिसमें मैन ऑफ द मैच युवराज सिंह, मैन ऑफ द सिरीज प्रतीक यादव तथा समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सृजन, अंकुर सिंह, सत्यम सिंह, रिषी प्रजापति, प्रशांत, रियंका शर्मा, आकांक्षा, प्रिंसी, सरोज सिंह, सुधा शरूद दीपिका, हमांशु आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन जुबी जुबेरिया ने किया। इस मौके पर सभी प्रशिक्षित शिक्षक मौजूद रहे।

## अमेठी समाचार



### पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले 02 पुलिस अधि0/कर्म0 को दी गयी विदाई

**अमेठी।** अमेठी के विभिन्न थानों व कार्यालयों में नियुक्त उ0नि0 जयकरन सिंह, उ0नि0 नरेन्द्र बहादुर सिंह को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई, साथ-साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे- फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधि0/कर्म0 को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया । जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके।

# डीएम एसपी से मिलकर पीड़ित ने थाना अध्यक्ष व प्रधान पर लगाए एक लाख हजम करने का आरोप

अखंड भारत संदेश



**शुकुल बाजार अमेठी।** योगी सरकार में भी शुकुल बाजार पुलिस का अंदाज नहीं बदला वही पीड़ित ने थाना अध्यक्ष शुकुल बाजार पर लगाए गंभीर आरोप। पीड़ित में अमेठी पुलिस अधीक्षक और अमेठी जिला अधिकारी से मिलकर जनता दरबार में हाजिर होकर लिखित तहरीर देते हुए शिकायत दर्ज कराई है ही नहीं पीड़ित ने ऑनलाइन मुख्यमंत्री को भी शिकायत भेजा है।पीड़ित के अनुसार उसकी गाटा संख्या 109 ग्राम सिधौली खाते की भूमि पर सफेदा के पेड़ लगे थे जिसे शिव शरण मिश्रा द्वारा कटा लिया गया मामला शुकुल बाजार थाने पहुंचा तो थाना अध्यक्ष तरुण पटेल ने पेड़ों की कीमत सरकारी खजाने और सरकारी कर्मचारी की जगह ऊंचगांव प्रधान राजेश चौहान के पास एक लाख जमा करा दिया और कहा कि पैमाइश के बाद भूमि जिसकी निकलेगी उसे पेड़ के पैसे दिए जाएंगे। पीड़ित सत्य प्रकाश शुक्ला के अनुसार पैमाइश के दौरान भूमि उसकी निकली उसके बाद लगातार पांच महीने से पीड़ित थाने के चक्कर लगा रहा है पीड़ित का एक लाख रुपए वापस नहीं मिल रहा है थानाध्यक्ष शुकुल बाजार तरुण पटेल लगातार पीड़ित को बहाना बता रहे हैं। आपका पैसा आज मिल जाएगा कल मिल जाएगा ऐसा कहते कहते 5 महीने बीत गए लेकिन पीड़ित को पैसा नहीं मिला सबसे बड़ा सवाल ये उठता है कि इतनी बड़ी रकम किसी दूसरी ग्राम सभा के प्रधान के पास जमा कराने का क्या औचित्य होता है। अगर पैसा जमा कराना था तो सरकारी खजाने या सरकारी कर्मचारी के पास लिखा पढ़ी के साथ जमा करा दें यह कौन सी विधा है जो इस्तेमाल कर रहे थानाध्यक्ष शुकुल बाजार। शुकुल बाजार पुलिस और अमेठी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।पीड़ित ने आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय गौरीगंज तथा डीएम कार्यालय गौरीगंज पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

### समाचार पत्र विक्रेता ने जीआरपी दरोगा व सिपाही पर मारने पीटने का लगाया आरोप

**जंघई।** बभनियांव गाँव निवासी समाचार पत्र विक्रेता संतोष मिश्रा ने जीआरपी जंघई इंचार्ज व एक सिपाही पर मारने पीटने का आरोप लगाया है जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस संबंध मे समाचार पत्र विक्रेता ने उच्चाधिकारियों को ट्वीटर के माध्यम से भी शिकायत किया है। संतोष कुमार मिश्रा समाचार पत्र वितरण का काम करते है साथ मे जंघई रेलवे स्टैंड पर नौकरी भी करते है उनका आरोप है कि 28 मई को जंघई स्टेशन पर कुछ लोगो से मारपीट हुई थी जिस पर जंघई जीआरपी इंचार्ज उन्हें पकड़कर ले गये और रात भर हवालात मे रखकर उन्हे मारा पीटा गया। उन्होंने अपने चोट को भी दिखाया है उनका आरोप है की जंघई जीआरपी इंचार्ज से पैसे की मांग की जाती थी जिसे देने से उन्होंने मना कर दिया और कहा की वह स्टैंड पर नौकरी करते है मालिक नहीं है जिससे पुलिस उनसे खार खाये हुई थी इसलिए फर्जी मुकदमा मे फंसा कर जीआरपी इंचार्ज और एक सिपाही ने उन्हे मारा पीटा। जीआरपी जंघई इंचार्ज राम दवर यादव का कहना है उनके ऊपर गलत आरोप लगाया जा रहा है संतोष मिश्रा से कुछ लोगो की मारपीट हुई थी इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी थी।

### बीती रात को चोरों ने दो दुकानों में किया हाथ साफ

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बलीपुर बाजार में मंगलवार रात बीती रात को दो दुकानों को एक साथ चोरों ने अपने हाथ को साफ किया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। बताया जाता है कि उमाशंकर सोनी पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र सोनी निवासी ग्राम आराकला थाना उतरांव प्रयागराज निवासी जो बलीपुर बाजार स्थित अनमोल ज्वेलर्स के नाम से दुकान चलाता है मंगलवार शाम उमाशंकर रोज की तरह दुकान में लगे शटर का ताला बंद कर घर चला गया। बुधवार प्रातः 2 बजे रात दुकान स्थित एक पड़ोसी ने मोबाइल के माध्यम से जानकारी दिया की दुकान का शटर खुला हुआ है। इतना सुन दुकान संचालक के होस उड़ गए और मौके पहुंचकर देखा की दुकान में रखा पुरानी चांदी 700 ग्राम सोने के 5 लाकेट नाथिया,कील,लगभग 11ग्राम पुराना सोना, 39 पीस विक्टोरिया चांदी सिक्का, फैंसी मीना ,चांदी की अंगूठी 280 ग्राम सामाग्री गायब है। इसी तरह ज्वेलर्स की दुकान के बगल विश्वकर्मा इलिक्ट्रोनिक की दुकान के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ किया। बताते चले की मनीष कुमार विश्वकर्मा पुत्र नंदलाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम सराय आलम मदारीपुर थाना उतरांव प्रयागराज निवासी जो बलीपुर बाजार स्थित विश्वकर्मा इलिक्ट्रोनिक के नाम से दुकान चलाता है। जहां चोरो ने दुकान में रखा इलेक्ट्रिक का सामान चोरी कर ले गये। दोनो दुकान संचालक बुधवार थाना उतरांव पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर यूपी एसोसिएशन आफ जर्नलिस्ट उपज के बैनर तले एकजुट हुए पत्रकार

अखंड भारत संदेश



**तिलोई अमेठी।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर आज 30 मई को यूपी एसोसिएशन आफ जर्नलिस्ट्स (उपज ) के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उपज के जिला अध्यक्ष राजाराम जायसवाल ने कहा 30 मई 1826 को हिंदी का पहला अखबार उदंत मार्तंड की शुरूआत अखबार के संपादक पंडित जुगल किशोर शर्मा ने कलकत्ता से की जिसकी 500 कापिया की शुरूआत की लेकिन अंग्रेज हुक्मरानों की दखलअंदाजी वह वित्तीय स्थिति खराब होने की वजह से 19 दिसंबर 1827 को अखबार की छपाई बंद करनी पड़ी अखबार के द्वारा उस समय समाज के विरोधाभास पर तीखे हमले गंभीर सवाल भी उठाए आम जनमानस की आवाज बुलंद करने का काम बखूबी से किया आए हुए पत्रकारों को शुभकामनाएं दी कहां पत्रकारों के तेवर बचे रहें हिम्मत बची रहे पत्रकारों के मूल सिद्धांत बचे रहे खबरों में सच्चाई हो जिससे पत्रकार और पत्रकारिता को मजबूती मिल सके इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए जिसमें सैयद हुसैन अशरफ जायसी व नगर अध्यक्ष वसीम लल्ला किंग फहीम हनीफ ने आए हुए पत्रकारों का बारी-बारी से माल्यार्पण कर उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन उपज के जिला उपाध्यक्ष सैदुज्जमा नकवी ने आए हुए सभी नगर के संभ्रांत व्यक्तियों व पत्रकारों को धन्यवाद दिया इस अवसर पर उपज के जिला महामंत्री इरफान अजीज वरिष्ठ पत्रकार मंजर समदानी हम्माद सिद्दीकी राजेश सोनी इमरान आलम नौशाद खान लक्ष्मण प्रसाद मनीष सिंह गोविंद आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**शुकुल बाजार।** अमेठी अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 बी0 एल0 रावत थाना बाजार शुक्ल मय हमराही द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 110/ 23 धारा 436/ 304 भादवि व 3(2)3,4,5 एससी/ एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त सलमान पुत्र नयाब अली निवासी ग्राम पूरे बरजोर मजरे खालिस बाहरपुर थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को ग्राम डेढिया ऊंचगांव के पास से समय करीब 12:40 पीएम गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के संबंध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## न्यूज झरोखा

### दुकान में घुसी अनियंत्रित कार हादसा होते होते बचा



**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत सहसों चौराहे के समीप बुधवार को दोपहर लगभग 3 बजे फूलपुर की तरफ से आ रही कार अनियंत्रित होकर प्लास्टिक बर्तन एवं हार्ड वेयर की दुकान में घुस गई। जिससे हजारों रुपए के सामान टूटकर नुकसान हो गए। वहीं पर दुकान मालकिन बाल-बाल बच गयी। जिससे बड़ा हादसा होते होते बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुंगरा बादशाहपुर जनपद जौनपुर निवासी अर्जुन सोनी परिवार सहित कार से इलाज के लिए प्रयागराज जा रहे थे कि जैसे ही वह सहसों चौराहे के समीप पहुंचे कि कार अनियंत्रित होकर सड़क की पटरी पर खड़ी बाइक में टक्कर मारते हुए प्लास्टिक बर्तन एवं हार्ड वेयर की दुकान में घुस गई। गनीमत तो यह रहा कि दुकान मालकिन किसी काम से अंदर गई हुई थी तथा दुकान में कोई ग्राहक मौजूद नहीं थे अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। कार चालक संजय कुमार के अनुसार कार की स्टीयरिंग फेल होने से कार अनियंत्रित होकर बांई तरफ भागते हुए दुकान में जा घुसी। दुकान मालकिन लक्खी देवी ने आंखों में आंसू लिए बताया कि दुकान में लगभग तीस हजार रुपए के सामान नष्ट हो गए तथा दुकान के बगल खड़ा ठेला एवं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सहसों दयाराम ने मौके की जांच पड़ताल करते हुए चालक सहित कार को अपने कब्जे में लेकर कार सवार एवं दुकानदार को सुलह समझौते के लिए पुलिस चौकी ले गए। तथा कार सवारों को इलाज हेतु प्रयागराज जाने के लिए छोड़ दिए। फिर हाल समाचार लिखे जाने तक कोई सुलह समझौता नहीं हो पाई थी।

### प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के छात्रों का प्लेसमेंट में हुआ चयन



**करछना।** बेदौ स्थित प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में बीटेक की मैकेनिकल डिपार्टमेंट की छात्रा ऐश्वर्या सिंह का एन.एल.एम .के. इंडिया मे चयन हुआ। प्रथम चरण मे कॉलेज परिसर मे संपन्न हुए इंटरव्यू मे लगभग सात स्टूडेंट्स चयनित हुए थे। दूसरे चरण मे 15 कॉलेज के 90 छात्रो के बीच प्रयाग इंस्टीट्यूट की ऐश्वर्या सिंह का 3.6 लाख सलाना पैकेज पर चयन हुआ। संस्थान के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र अजीत कुमार मौर्य एवं छात्रा नेहा यादव का मैक्सवोल्ट बैटरीज प्राइवेट लिमिटेड में 5 लाख सलाना पैकेज पर कंपनी में ग्रुप डिस्कशन एवं इंटरव्यू के बाद चयन हुआ। संस्था के चेयरमैन श्री ज्ञान सिंह एवं सचिव श्री विकास सिंह ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दी। संस्थान के निदेशक डॉ एस सी तिवारी ने छात्रों एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग को इसके लिए बधाई दिया। इस मौके पर विभागाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, आशुतोष तिवारी, एच एल पटेल, अरविंद पांडे, प्रेम चंद्र, रवींद्र सिंह, बी एल पांडे, शुभम शुक्ला एवं ट्रेनिंग प्लेसमेंट आफिसर सुप्रिया श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### डिप्टी सीएमओ सीएससी करछना का किया औचक निरीक्षण




**करछना।** बुधवार को दोपहर डिप्टी सीएमओ प्रयागराज डॉक्टर एके तिवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना का रूटीन चेकअप किया इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम वर्तमान सत्र में चल रहे टीवी कार्यक्रम का विस्तार पूर्वक निरीक्षण किया और डॉक्टरों से बात की उसके अलावा उन्होंने लैव टेक्नीशियन ओपीडी वार्ड मरीज कच्छ के अलावा अस्पताल परिसर में गंदगी एवं साफ सफाई पर विशेष जोर दिए जाने पर बल दिया उन्होंने कहा कि समय से अस्पताल पर सभी डॉक्टर नियमित अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे जिससे आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े तथा अस्पताल परिसर में सभी दवाइयां उपलब्ध का स्टॉक रूम भी चेक किया वही अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के केवी सिंह कुशवाहा को निर्देशित किया कि अस्पताल परिसर में आने वाले मरीजों को उचित देखभाल व समय से उनका त्वरित इलाज पर विशेष बल दिए जाने पर जोर दिया इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ नर्स डॉक्टर स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### भांग की दुकान पर अवैध गांजा की धड़ल्ले से बिक्री



**सिरसा।** मेजा थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से चल रही भांग की दुकानों पर गांजा दिख रहा युवा उसकी चपेट में आकर सब कुछ बर्बाद कर रहा। मेजा क्षेत्र में भांग की दुकान पर गांजा बिकने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा यह वीडियो मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत पकरी गांव का बताया जा रहा है। वीडियो में साफ-साफ देखा जा सकता है कि आधा दर्जन लोग गांजा पीते हुए लोग धुएं का गुबार उड़ा रहे वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि दुकान पर दुकान संचालक के द्वारा गांजे की पुड़िया भी बेची जा रही जो कहीं ना कहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन पर सवालिया निशान बना है।आखिर किसकी मिलीभगत से यह गोरखधंधा खुलेआम चल रहा है। जिसकी चपेट में आकर युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही । वही ग्रामीणों का आरोप है कि सुबह शाम दर्जनों की संख्या में लोग गांजा पीने के चक्कर में बैठे रहते हैं जिसके कारण ग्रामीण महिलाओं का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। वायरल वीडियो को लेकर जब चौकी प्रभारी सिरसा जगदीश कुमार से वार्ता किया गया तो उन्होंने बताया कि वीडियो के हिसाब से लोगों को चिन्हित किया जा रहा हैं। अगर ऐसा कुछ पाया जाता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवैध गाजे के बिक्री से ग्रामीणों में आक्रोश बना है।

### अब्दुल लतीफ मेमोरियल क्लीनिक का हुआ उदघाटन



**मऊआइमा।** अब्दुल लतीफ मेमोरियल क्लीनिक का फीता काट कर चेयरमैन एंव डाक्टर ने किया शुभारम्भ। जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। मऊआइमा कस्बा नगर पंचायत के चुनौंटा कुआं चौराहे पर अब्दुल लतीफ मेमोरियल क्लीनिक का बुधवार को फीता काटकर कर चेयरमैन शोएब अंसारी एंव डाक्टर आलोक कुमार केसरवानी ने शुभारंभ किया।। बताया गया है कि उक्त क्लीनिक खुलने से क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।क्लीनिक के संचालक डाक्टर नाजिस अख्तर एम बी एस ने बताया कि नगर क्षेत्र में एम बीबीएस डाक्टरों की कमी के कारण आए दिन मरीजों को बडी मुश्किलों का सामना करना पडता है। यही नहीं मरीज झोला छाप के पास चले जाते हैं। जिससे मरीजों का जीवन संकट में रहता है। इस अवसर पर मौलाना आफाक आलम ,सलीम , एहतेशाम , असफाकुलर्हमान, रिजवान, मौलाना जैद शरीफ,सलीम, बहाल उद्दीन ,रहमत उल्ला ,अहमद जमा, सरफराज अख्तर, हारून आदि बडी संख्या में स्थायी लोग मौजूद थे।,तथा डाक्टर नाजिस अखतर ने बडी संख्या में मरीजों को देख कर पर्ची लिखी।

## खबर संक्षेप

### मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत आनलाइन आवेदन आमंत्रण की दी गई सूचना

**प्रयागराज।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषाद राज बोट योजना और मत्स्य पालक कल्याण कोष हेतु विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए आनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल http:// fisheries.up.gov.in पर दिनांक- 30.05.2023 से खोला गया है। आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक-15.06.2023 है। योजना के अन्तर्गत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण एवं विज्ञापन विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, विकास भवन प्रयागराज से किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# बिजली मिस्त्री की हत्या कर सड़क किनारे फेकी लाश

**अखंड भारत संदेश**

### गले पर है रस्सी के निशान सर से निकल रहा था खून



**झूंसी।** थाना क्षेत्र के कनिहार कब्रिस्तान के पास सड़क किनारे बाग में एक 35 वर्षीय युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुची पुलिस पूछताछ कर रही थी तभी रोते बिलखते परिजन भी पहुच गए। डॉग स्क्वाड के साथ फील्ड यूनिट ने भी घटना का मुआयना किए। एसीपी झूंसी चिराग जैन ने भी मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की। मृतक के पास उसकी चप्पल मिली पर फोन गायब था।

सरायइनायत के लगड़ीपुर निवासी चिरउजी लाल बिंद पुत्र राम राज बिंद की लाश बुधवार की सुबह घर से एक किमी दूर झूंसी के कनिहार कब्रिस्तान के पास सड़क किनारे आम के बाग में मिली। दिनेश यादव ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर पीआरबी के साथ इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह फोर्स के लेकर पहुचे। तब तक परिजन भी आ गए थे। मृतक चिरउजी लाल के गले मे रस्सी का निशान था सर से खून निकल रहा था पर लाश अकड़ गई थी। मृतक के पिता राम राज ने बताया की वह हमारे साथ बिजली मिस्त्री का काम करता था। मंगलवार को अल्लापुर में काम से घर आया फिर बिना कुछ बताये ही निकल गया फोन भी बंद था। सुबह पड़ोसी ने बताया की कनिहार में उसकी लाश मिली है। चिरउजी लाल तीन भाइयों में दूसरे नम्बर का था। परिवार से अलग पत्नी रेनू के साथ रहता था। उसको 5 साल का बेटा आर्यन व 3 साल की बेटी गोलू है। यह दो बार जेल भी जा चुका है पहली पत्नी की हत्या में ढाई साल जेल में रहा।

## वसूली करने गई राजस्व टीम को होटल मालिक ने खदेड़ा

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लीलापुर रोड पर स्थित होटल में वसूली करने पहुचे तहसीलदार के साथ राजस्व टीम के साथ होटल मालिक ने गाली गलौज करते हुए सभी को खदेड़ दिया। संग्रह अमीन की तहरीर पर पुलिस ने होटल संचालक के खिलाफ सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न करने, गाली गलौज व जान से मारने धमकी का मामला दर्ज किया है। कोरांव के रहने वाले सुदामा प्रसाद झूंसी में संग्रह अमीन है उन्होंने ने बताया की लीलापुर रोड पर स्थित कृष्णा होटल की बिजली विभाग ने एक लाख चालीस हजार की आरसी काटी है जिसकी वसूली के लिए बुधवार की दोपहर तहसीलदार घनश्याम शुक्ल के साथ राजस्व टीम कृष्णा होटल पहुची आरोप है कि होटल का मालिक जितेंद्र यादव गाली गलौज करते हुए सभी को मारने के लिए दौड़ा लिया और धमकी दी कि फिर आओगे तो मारे जाओगे। झूंसी पुलिस होटल के मालिक जितेंद्र यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

## नरेंद्र गिरि मौत मामले में ट्रायल शुरू

**सबसे पहले चेले अमर गिरि का दर्ज हुआ बयान, अब 8 जून को होगी सुनवाई**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे नरेंद्र गिरि मौत केस में बुधवार से ट्रायल शुरू हो गया है। सबसे पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराने वालों के बयान दर्ज होंगे। अमर गिरि का प्रयागराज की जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में बयान दर्ज कराया गया। अब इस मामले में आठ जून को फिर सुनवाई होगी। 8 जून को पवन महराज का बयान दर्ज किया जाएगा। अमर गिरि और पवन महराज ने ही सबसे पहले पुलिस को सूचना दी थी और जार्जटाउन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच एजेंसी उइकने सबसे पहले इन्हीं व्यक्तियों का बयान दर्ज किए जाने की सिफारिश की थी।

**प्रयागराज की सेशन कोर्ट में शुरू हुआ मुकदमे का ट्रायल** : 20 सितंबर 2021 को प्रयागराज के बाघंबरी गद्दी मठ अल्लापुर के गेस्ट हाउस के कमरे में नरेंद्र गिरि फांसी के फंदे पर लटके पाए गए थे। अमर गिरि और पवन महाराज ने ही पुलिस को सूचना दी थी। नरेंद्र गिरि की डेड बॉडी पुलिस के मठ पहुंचने से पहले ही रस्सी को तीन टुकड़ों में काटकर उतार दिया गया था। इसके बाद पहले एसआईटी और फिर सीबीआई ने इस केस की जांच की। सीबीआई ने आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और उसके बेटे संदीप तिवारी को आरोपी बनाया है।24 मई 2023 को प्रयागराज के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां सुनवाई हुई। सीबीआई की ओर से डिस्ट्रिक्ट जज संतोष राय की कोर्ट को एप्लिकेशन दी गई कि घटना की सूचना देने वाले वादी अमर गिरि का पहला बयान कोर्ट में दर्ज कराया जाना है, इसलिए उन्हें तलब किया जाए। इस पर कोर्ट ने 31 मई की तारीख तय करते हुए वादी मुकदमा अमर गिरि और पवन महाराज को समन भेजने आदेश दिया था।

**ट्रायल शुरू होने के बाद होगी पहली गवाही** : डीजीसी क्रिमिनल गुलाबचंद अग्रहरि ने बताया कि महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या मामले में प्रयागराज की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। सेशन कोर्ट द्वारा आरोप तय होने के बाद बुधवार से मुकदमे का ट्रायल शुरू होगा। सेशन कोर्ट ने आरोपियों आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और संदीप तिवारी पर 31 मार्च 2023 को आरोप तय कर दिया था। अब सजा के लिए इस मामले में कोर्ट में यह पहली गवाही होगी।

# खुले में तैर रहे हत्या के साक्ष्य पुलिस बन रही अनजान

**अखंड भारत संदेश**

**सीसीटीवी कैमरा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और आसपास के लोगो के हत्या की पुष्टि करने के डेढ़ महीने तक हत्यारों के गिरेहबान तक नहीं पहुंचे पुलिस के हाथ!**

**प्रयागराज।** योगीराज में पुलिस किस तरह से लापरवाह हो कर दलालों के जरिए, हत्यारों से सांठगांठ कर हत्यारों को बचाने में लगी है अब अपराधियों के सामने पुलिस किस तरह से घुटने टेक चुकी है इसका जीता जागता उदाहरण पूरामुफ्ती थाना में देखने को मिल सकता है डेढ़ महीने पहले 11 अप्रैल की रात में घर से बुलाकर मोहम्मद सैफ के साथ बेरहमी से मारपीट करने के बाद गला घोट कर हत्या करने के बाद लाश को डीसीएम के बगल में लटका कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास हत्यारो द्वारा किया गया हत्यारों से मृतक के कुछ दिन पूर्व लड़ाई हुई थी इसी खुन्नस से हत्यारों ने मोहम्मद सैफ की हत्या की है हत्यारों की यह घटना अगल-बगल स्कूल और अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी और हत्यारों तक पहुंच गयी हत्या में लिप्त कुछ घटना के बाद मौके से फरार हो गए हैं डेढ़ महीने बाद भी आरोपी फरार हैं लेकिन पुलिस ने उनकी लोकेशन सर्विलांस व अन्य माध्यम से लेकर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास नहीं किया है जिससे पूरा मुफ़्ती पुलिस की हत्यारों से सांठगांठ और लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है शत प्रतिशत अपराधों के खुलासे का दावा करने वाले पुलिस अधिकारियों के दावे पर पूरामुफ्ती पुलिस पानी फेर रही है बताया जाता है कि इलाके का एक अपराधी टाइप का दलाल पूर्व प्रधान हत्यारों के बचाव में लाखों की रकम वसूल कर थाना पुलिस तक पहुंचाने में सफल हो चुका है इलाके के चर्चित दलाल के जरिए लाखों रुपए का सौदा होने के बाद पुलिस ने हत्यारों के आगे घुटने टेक दिए हैं और मामले को पत्रावली को बंद कर अपराधियों को बचाने की रणनीति बना चुके हैं युवक की बेरहमी से हत्या किए जाने की घटना को डेढ़ महीने बीत गए हैं खुले में हत्या के साक्ष्य घूम रहे हैं लेकिन पुलिस अनजान बन रही है हत्याकांड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने के बजाय पुलिस मृतक के परिजनों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर उनका मनोबल तोड़ कर हत्यारों को बचाने का भरसक प्रयास पुलिस कर रही है। इतना ही नहीं हत्या के पूर्व हत्यारों ने मृतक के बारे में कई लोगों से पूछताछ की थी जिससे लोग हत्यारों का खुलकर नाम ले रहे हैं मृतक की मां ने पुलिस अधीक्षक को नामजद तहरीर दी है लेकिन उसके बाद पुलिस हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेज पा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने भी हत्या में मुहर लगा दी है मृतक के शरीर में कई जगह गंभीर चोट के निशान हैं गले में चारों ओर रस्सी के निशान मिले हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आल राउंड दी नेक लिखा है गला घोट कर हत्या किए जाने के बाद लाश टांग दी गयी है तमाम सबूतों और साक्ष्य को नजरअंदाज कर पुलिस हत्यारों को गिरफ्तार करने के बजाय उनके बचाव में लगी है आखिर योगीराज में पुलिस वर्दी शर्मसार करने वाले पूरामुफ्ती थानेदार के कारनामे को अभी तक आला अधिकारियों ने संज्ञान लेकर थानेदार को निलंबित कर इनकी विभागीय जांच क्यों नहीं शुरू कराई है यह पुलिस अधिकारियों के कार्यों पर भी बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं मोहम्मद सैफ की हत्या के मामले में पूरामुफ्ती थानेदार की लापरवाही की यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो थानेदार की हत्यारों से संलिप्तता उजागर होना तय है मृतक के परिजनों ने योगी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मोहम्मद सैफ के हत्यारों की गिरफ्तारी और हत्यारों से सांठगांठ करने वाले थानेदार को निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कराए जाने की मांग की है।

## जारी बाजार में चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप

**बकाया वसूली को लेकर चला विशेष अभियान**

**जारी।** बुधवार को दूसरे दिन जारी बाजार में बकाया वसूली कटिया मारी को लेकर बिजली विभाग की टीम द्वारा अभियान चलाया गया जिससे बिजली चोरों में भारी हड़कंप मचा रहा। एसडीओ सतीश यादव जेई प्रदीप वर्मा की अगुवाई में विजिलेंस की टीम ने कई घरों तक बाजार में कार्यवाही की इस दौरान बड़े बकायेदारों का कनेक्शन काटा गया। वही कटिया मारी बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। कई लोगों के ओवरलोड भी बढ़ाए गए। जिन उपभोक्ताओं का बिल बकाया है। उनका लाइट कनेक्शन काटा जा रहा है। और अवर अभियंता ने कहा कि हर महीने कैंप के माध्यम से अपना बिल नजदीकी पावर हाउस में आकर बिल का भुगतान कर दें। और अवर अभियंता प्रदीप वर्मा ने बताया कि लाखों की सूली के साथ-साथ विद्युत चोरी पर कार्रवाई की गई लगभग 20 लोगों के कनेक्शन काटे गए। जिस पर यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

# ज्ञानवापी पर मुस्लिम पक्ष की अर्जी इलाहाबाद हाईकोर्ट से खारिज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** ज्ञानवापी परिसर में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा का केस वाराणसी कोर्ट में चलता रहेगा। इस केस के खिलाफ मस्जिद कमेटी की पुनर्विचार याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दिया। वाराणसी की जिला अदालत भी पहले मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर चुकी है।श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की मांग 5 हिंदू महिलाओं ने की थी और वाराणसी कोर्ट में याचिका लगाई थी। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी। इस पर जस्टिस जेजे मुनीर की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया। बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने 23 दिसंबर 2022 को फैसला सुरक्षित रख लिया था।हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, "बहुत ही ऐतिहासिक फैसला है, क्योंकि मुस्लिम पक्ष हमेशा दावा करता रहता था कि यह केस प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट फैक्ट से बाधित है। वाराणसी की सिविल कोर्ट ने 12 सितंबर को हमारे पक्ष में फैसला दिया था। वही बात आज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी जस्टिस जेजे मुनीर ने कही है। जिसमें उन्होंने होल्ड किया कि रिवीजन पिटीशन मेंटेनेबल नहीं है और अंजुमन इंतजामिया की पिटीशन डिसमिस कर दी।

**मुस्लिम पक्ष की याचिका पर हाईकोर्ट ने क्या कहा** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- हिंदू पक्ष, विवादित संपत्ति पर मां श्रृंगार गौरी, भगवान गणेश और भगवान हनुमान की पूजा करने के अधिकार की मांग कर रहा है। इसलिए सिविल कोर्ट के पास इस मामले का फैसला करने का अधिकार है हाईकोर्ट ने आगे कहा कि याचिकाकर्ता की दलील है कि 15 अगस्त 1947 से 1993 तक वहां नियमित पूजा होती थी। 1993 में विवाद बढ़ने पर उत्तर प्रदेश राज्य के नियामक के तहत साल में एक बार पूजा करने की अनुमति दी गई थी। इसलिए पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के तहत पूजा पर रोक नहीं लगाई जा सकती है।

**मुस्लिम पक्ष का तर्क था कि पूजा होने से धार्मिक प्रकृति से छेड़छाड़ होगी** : हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष की ओर से सीनियर वकील एसएफए नकवी, जहीर असगर, फातिमा अंजुम मौजूद रहे। हिंदू पक्ष की ओर से वकील हरिशंकर जैन, विष्णु जैन, प्रदीप शर्मा, सौरभ तिवारी, प्रभाष पांडेय, विनीत संकल्प, अपर महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी, मुख्य स्थायी अधिवक्ता बिपिन बिहारी पांडेय ने बहस की।मुस्लिम पक्ष के वकील नकवी का तर्क था कि उपासना स्थल अधिनियम से नियमित पूजा प्रतिबंधित है क्योंकि पूजा होने से स्थल की धार्मिक प्रकृति से छेड़छाड़ होगी, जो कानूनन नहीं किया जा सकता। इसलिए यहां नियमित पूजा की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए।

**सितंबर 2022 में हुई थी सुनवाई** : इस मामले में वाराणसी की जिला अदालत ने 12 सितंबर 2022 को 26 पेज का फैसला सुनाया था। इसमें कहा गया था कि ये केस उपासना स्थल कानून 1991 के तहत नहीं आता।

## लॉज मालिक ने किया सुसाइड 10 दिनों से पत्नी गई थी मायके

**मिली डायरी से पुलिस जुटा रही सुराग**

**प्रयागराज।** कर्नलगंज कोतवाली अंतर्गत शुतुरखाना मोहल्ले में एक लॉज मालिक ने सुसाइड कर लिया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने कमरे की छानबीन की। कोई सुसाइड नोट तो नहीं मिला, लेकिन हिसाब किताब की एक डायरी जरूर मिली है। जिसमें कई नंबर गेम लिखे हुए हैं। इससे आशंका है कि वह ऑनलाइन क्रिप्टो करेंसी में पैसा लगाता था। पुलिस डायरी के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।शुतुरखाना निवासी नीरज वर्मा (40) अपना लॉज चलाता था। उसकी पत्नी किरण वर्मा अपने दो पुत्र और एक पुत्री को लेकर 10 दिन पहले अपने मायके ऊंचाहार, रायबरेली गई हुई थी। उसके पिता का देहांत हो चुका है। घर में नीरज वर्मा और उसका भांजा और बहन थे। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार रात में वह खाना खाया और फिर अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह भांजा उठा तो मामा को जगाने के लिए पहुंच गया। नीरज के कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। कमरे के अंदर रोशनदान में लगी छड़ में नीरज लूंगी के सहारे लट रहा था। फंदे पर शव लटकता देख भांजे की चीख पुकार निकल गई।

# श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर में स्मृति महोत्सव का भव्य शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा रोड।** ग्राम भइया के ग्रामीणों द्वारा विगत वर्ष की भांति इस बार भी परमहंस स्मृति महोत्सव व ग्राम जयंती दिवस को धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुन्दर आचार, सुन्दर विचार, सुन्दर संस्कार, सुन्दर सरोकार, सुन्दर ग्राम, सुन्दर धाम, सुन्दर समाज, सुन्दर भारत, के विचारों से प्रभावित होकर जीवन -यापन करने वाले व्यक्ति ₹सुन्दर साथ₹ नाम से जाने जाते हैं। यद्यपि इसके मूल में आध्यात्मिक प्रेरणा का भाव निहित है। ग्राम वासियों का कहना है कि 1856 में जहां एक ओर भयंकर अकाल व महामारी जैसी विभीषिका से ग्रामीण आहत थे और ईश्वर पर आस लगाकर सकून की अपेक्षा से ईश्वर से संकट टालने की प्रार्थना करते थे, वहीं गांव के कुछ भेड़ पालक ग्रामीणों को सूचना दिए कि एक तपस्वी भेषदारी गांव के जंगल में साधना करते हुए दिखाई देते हैं किन्तु पास जाने पर सशरीर ओझल हो जाते हैं। कौतूहल वश कई ग्रामीण मिलकर स्थान पर पहुंचे और भेड़ पालक की सूचना सही साबित होने पर श्रद्धा भाव से स्थल पर भजन-किरंतन प्रारंभ कर दिए और ग्रामीणों की सच्ची भक्ति से प्रसन्न होकर महात्मन द्वारा सशरीर दर्शन दिया गया। और ग्रामीणों की प्रार्थना स्वीकार करते हुए कुटी नामक स्थल पर निज निवास करते हुए ग्रामीणों को आशीर्वाद प्रदान करने लगे। और श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर की स्थापना हुई। आज इस मंदिर के लाखों अनुयाई हैं जिन्हें सुन्दर साथ के नाम से जाना जाता है। मंदिर के वर्तमान महंत श्री 108श्री ब्रह्मानंद जी महाराज ने बताया कि इस विशाल मंदिर के रख-रखाव के लिए अब ट्रस्ट बनाया गया है। वर्ष भर में तीन पर्व मुख्य रूप से धूमधाम पूर्वक मनाये जाते हैं।जिसमें भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव, होली व अषाढ़ की प्रतिपदा। अषाढ़ प्रति पदा के ही दिन विक्रम संवत 1559 में बिहार प्रान्त के मधुबनी ग्राम में जन्म हुआ था इनकी माता का नाम श्री मती सुलक्षणा व पिता का नाम बेदमती मिश्र था। परमहंस गोपाल मणी जी महाराज का धामगमन भी विक्रम संवत 1871अषाढ़ माह में प्रतिपदा के ही दिन हुआ था। धाम गमन के बारे में भी रोचक जानकारी है कि समस्त अनुयायियों को महराज जी द्वारा पहले ही सूचना देकर मंदिर में बुलाया गया था।व उपदेश देते हुए ही सशरीर विलुप्त हो गए थे। प्रति वर्ष अषाढ़ प्रतिपदा के दिन बड़ी संख्या में सुंदर साथ एकत्रित होकर परमहंस महराज जी के स्मृति दिवस को मनाते हैं। ग्राम पंचायत भ?इयां के जनसुनवाई फाउंडेशन के प्रदेश कोआर्डिनेटर कमलेश प्रसाद मिश्र ने बताया कि परमहंस महराज के कारण ही ग्राम पंचायत भ?इयां की पहचान राष्ट्रीय स्तरीय पर है। इसलिए मंदिर के संस्थापक 302वर्षीय परमहंस महराज जी की स्मृति दिवस पर ही ग्राम जयंती दिवस भी मनाया जाता है। कार्यक्रम में समस्त ग्रामीण एक साथ मिलकर ग्राम की साफ सफाई करते हुए साप्ताहिक श्रीमद्भागवत पुराण सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किए है। कार्यक्रम को संपादित करने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर ट्रस्ट एवं नवयुवक मंडल द्वारा किया जा रहा है। नवयुवक मंडल के जनमित्र जंगली मिश्र, देवकरण मिश्र, आनंद कुमार मिश्र, मुकेश धर, संदीप कुमार, मनोज कुमार,देवेश मिश्र, सौरभ मिश्र, बृजेश कुमार, अन्तिम कुमार, राजकुमार मिश्र बग्गू सिंह,रामराज, गोविन्द प्रसाद, अनुराग, धीरज कुमार, राजेश कुमार, नीरज कुमार मिश्र,तौलन प्रसाद दूबे, अवधेश दूबे, मनोज कुमार मिश्र, वाचस्पति मिश्र, सहित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी राजेश्वरी प्रसाद, सूबा लाल, कौशलेश कुमार मिश्र, अवधेश कुमार मिश्र, विजय कुमार तिवारी, राजेश्वरी प्रसाद तिवारी,लाल पति ,मलेटर सहित कई सुन्दर साथ सेवा में तत्पर हैं।

## न्यूज झरोखा

### कहासुनी में तमंचे से फायर, मजदूर घायल

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत जंघई बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के समीप बुधवार को शाम सवा पांच बजे के आस पास दो पक्ष के युवकों में अचानक कहासुनी होने लगी देखते ही देखते एक युवक ने तमंचा निकाल कर दूसरे पर गोली चला दिया जो कि सड़क से गुजर रहे गरीब मजदूर रिक्शा ट्रॉली चालक की कमर में जा लगी। गोली चलने से बाजार में भगदड़ मच गई घायल मजदूर सरायममरेज थाना क्षेत्र स्थित जलालपुर गांव निवासी भाई लाल यादव मौके पर ही गिर कर तड़पने लगा।इसी बीच विवाद कर रहे दोनों पक्ष मौका पाकर भाग निकले। मौके पर पहुंचे सरायममरेज एसएचओ तरुणेंद्र त्रिपाठी जंघई पुलिस चौकी प्रभारी सुधीर कुमार पांडेय ने गंभीर रूप से घायल को एंबुलेंस से प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां से प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया गया। गोली चलने से बाजार में अफरातफरी का माहौल व्याप्त है।जंघई बाजार के भीड़ भाड़ वाली सड़क पर खुले आम गोली चलने से व्यवसाइयों में दहशत फैल गई लोग अपनी दुकानों की शटर गिरा भाग खड़े हुए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक पक्ष का युवक दूसरे को रोक कर गाली देते हुए फायर झोंक दिया।दूसरा युवक जमीन पर बैठ गया और गोली राह चलते ट्राली लेकर जा रहे अधेड़ गरीब को लग गई। गोली मारने वाला युवक सड़क के पूर्वी हिस्से से प्राथमिक विद्यालय की तरफ से भाग निकला और दूसरा युवक स्कूटी लेकर जंघई रेलवे स्टेशन की ओर भाग निकला फिलहाल दिन दहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सरायममरेज पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

### लोगों को जागरूक करते हुए मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**सहसों।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लोगों को जागरूक करते हुए सहसों बाजार में युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाएटी के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश केसरवानी के नेतृत्व में युवा जागो नशा त्यागो संकल्प अभियान के तहत विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाते हुए मानव समाज के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों से तंबाकू के सेवन से होने वाली शारीरिक हानियों के बारे में बताया गया कि नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे समूचे जीवन को नष्ट कर देती है। नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ साथ समाज पर भी बोझ बन जाता है, युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है, युवाओं से तंबाकू गुटखा व सिगरेट, धूम्रपान आदि का जीवन में सेवन न करने के लिए संकल्प दिलाया गया। तंबाकू मानव जीवन के लिए खतरनाक एवं जानलेवा है इसलिए इसके प्रयोग से लोगों को बचना चाहिए युवा पीढ़ी को तंबाकू मिश्रित किसी भी उत्पाद का सेवन नहीं करना चाहिए इसके सेवन से मुंह का कैंसर होने की संभावना अधिक होती है। इस मौके पर संस्था की तरफ से गली मोहल्लों में जागरूकता पंपलेट का वितरण किया गया और लोगों को तंबाकू सेवन न करने की अपील की गई। इस अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आदि शामिल रहे।

### विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**जसरा।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामाजिक विकास सेवा समिति व अनिकेत इस्माइल फॉउंडेशन जसरा प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में कैंसर जन जागरूकता शिविर के साथ ही स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएचसी जसरा अधीक्षक डा० तरुण पाठक ने कहा कि कैंसर एक जान लेवा बीमारी है। इसकी जांच के बाद ही रोगी का जीवन आधा हो जाया करता है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा०देव कुमार यादव असिसमेंट प्रोफेसर कैंसर रोग विभाग एस आर एन प्रयागराज ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार प्रतिवर्ष भारत में सात आठ लाख नए रोगियों की संख्या में वृद्धि होती है और कुल मरीजों की संख्या बीस लाख के करीब होती है। जब कि प्रतिवर्ष कैंसर से होने वाले मृत्यु का आंकड़ा 6-7 लाख तक होती है। इनमें तम्बाकू से निर्मित होने वाले उत्पादों के सेवन से हो ने वाली मौतों का चालीस पचास प्रतिशत के बराबर है। इसका प्रमुख कारण इससे निर्मित उत्पादों द्वारा है। इसके सेवन सेमुख,स्वांस नलिका,गले,खाने की नली,फेफड़े व मूत्र की थैली के कैंसर प्रमुख रूप से होते हैं। अंत में लोगों को तम्बाकू से दूर रहने को बताया गया। यह कार्यक्रम स्व०अनिकेत द्विवेदी की याद में निःशुल्क किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा०अनिकेत द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर राजेन्द्र प्रसाद मिश्र,विक्रम शुक्ल, कुमार पाल,विनोद कुमार तिवारी,योगेन्द्र मिश्र,राजीव शुक्ल, आरएमएल पैथालाजी,वेद प्रकाश श्रीवास्तव,डा० ज्ञानेंद्र सिंह, डा० एकता चतुर्वेदी,अमृता चतुर्वेदी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मनुष्य का जीवन परमात्मा की प्राप्ति के लिए मिला है

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** मनुष्य का जीवन परमात्मा की प्राप्ति के लिए मिला है और उसकी प्राप्ति सद्गुरु की कृपा से ही हो सकती है। सतगुरु ही ब्रह्म ज्ञान प्रदान करके आत्मा का नाता परमात्मा से जोड़ते हैं। सद्गुरु इंसान को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं जिससे जीवन में उजाला ही उजाला हो जाता है। उक्त उद्गार करछना के बेला चौराहा के समीप करेहा-कपडुहा गांव में आयोजित एक विशेष सत्संग कार्यक्रम में दिल्ली से आए हुए केंद्रीय प्रचारक निरंकारी संत श्री सुलेख साथी जी ने व्यक्त की।उन्होंने आगे कहा कि दुनिया के अन्य ज्ञान इंसान को न तो भवसागर से पार लगा सकते हैं न हीं आत्मिक सुख की प्राप्ति करा सकते हैं इनसे क्षणिक सुख तो मिल सकता है लेकिन परम आनंद केवल सद्गुरु सच्चिदानंद द्वारा ही मिलता है।गुरु एक समय में अनेक हो सकते हैं लेकिन सद्गुरु एक समय में केवल एक ही होता है।सतगुरु धरती पर ईश्वर का प्रतिनिधित्व करके मानव मात्र के कल्याण हेतु शरीर में प्रकट होता है यह संसार में केवल मानव का उद्धार करने और परोपकार करने के लिए ही आता है।उन्होंने कहा कि सद्गुरु अपने भक्तों को अपना ही रूप बना देते हैं। सद्गुरु और समर्पित भक्त में कोई अंतर नहीं रहता। अगर सच्चा समर्पण है तो सद्गुरु की असीम शक्तियां भी भक्तों में प्रवेश कर जाती हैं जिनका उपयोग भक्त निश्चल और निष्काम भाव से अभिमान रहित होकर करता है।सद्गुरु रहमत और बक्शीश का भंडार होता है।सद्गुरु हमारे सारे अवगुणों को वख्शता रहता है इसलिए इसको बक्शनहर कहा जाता है। सद्गुरु के संपर्क में आने से इंसान के भीतर चमत्कारिक परिवर्तन आता है। राक्षस और पापी तक भी सद्गुरु की शरण में आने से बक्शे जाते हैं और देवताओं वाले गुण उनमें समाने लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि आज निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज इस प्रभु परमात्मा का बोध करा कर मानव को जन्म - मरण के चक्र से मुक्त कराकर परमानंद की अवस्था की प्राप्ति करा रही हैं। इस कार्यक्रम में प्रयागराज जोन के जोनल इंचार्ज श्री अशोक कुमार सचदेव जी, श्री सुखदेव सिंह जी प्रतापगढ़ -क्षेत्रीय संचालक चरणजीत नेगी जी (दिल्ली),श्री आर.बी सिंह जी , श्री राम जनक जी आदि लोग उपस्थित रहे।अंत में अमर सिंह जी ने आए हुए सभी अतिथियों, साध संगत एवं सेवादल के सभी भाई- बहनों का आभार प्रकट किया।

## पिटाई से पीपीजीसीएल कर्मी पहुंचा अस्पताल

**शंकरगढ़।** मंगलवार की शाम प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (पीपीजीसीएल) से ड्यूटी कर घर जा रहा एक कर्मचारी अचानक से गायब हो गया। रात के दूसरे पहर जब उसे होश आया तो वह एसआरएन में था। इधर, उसके परिजन रातभर उसकी तलाश में जुटे रहे। बुधवार को इस मामले में पीपीजीसीएल के उक्त कर्मचारी रघुवीर ने शंकरगढ़ पुलिस को तहरीर देकर पुलिस कर्मियों के द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक रघुबीर ने बताया कि जब वह कंपनी से ड्यूटी कर घर जा रहा था, उसी दौरान हाईवे पर पुलिस चौकी के दो कर्मी असावधानी से बाइक चलाते हुए उसके सामने आ गए। किसी तरह उसने ब्रेक लगाकर खुद को सेफ किया। इसके बाद रघुबीर इस मामले की जानकारी देने के लिए पीपीजीसीएल पुलिस चौकी चला गया। आरोप है कि जहां पर उसके साथ मारपीट की गई और चौकी प्रभारी ने भी उसके साथ मारपीट की। रघुबीर (33) पुत्र स्व. मसुरियादीन शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बेमरा का रहने वाला है। रघुबीर पावर प्लांट में माली के रूप में काम करता है। रघुबीर ने आरोपित किया है कि इस मामले की जानकारी होने पर पीपीजीसीएल प्रबंधन के कुछ आलाधिकारी भी चौकी पहुंचे और उनके इशारे पर उसकी जमकर पिटाई की गई, जिससे वह बेहोश हो गया और उसकी हालत खराब होने पर उसे एसआरएन भेज दिया गया।

# किशोर की पिटाई से मौत मामले में टीम गठित

### आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दबिश शुरू, 10 दिन पहले सड़क पर मिला था शव

**मेजा रोड।** मेजा के सिरसा कस्बे के बाल मुकुंद नगर में हुई किशोर की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। कोतवाल मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि पुलिस टीम आरोपितों के गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दबिश दे रही है। जल्द ही सभी पकड़ लिए जाएगें। सूत्रों की मानें तो पुलिस ने कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले चुकी है। सभी से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।मेजा कोतवाली क्षेत्र के सिरसा कस्बा अंतर्गत बालमुकुंद नगर निवासी शारदा प्रसाद यादव चाय पान की दुकान चलाकर गुजारा करते हैं। उनके तीन बेटों में सबसे छोटा बेटा शिव कुमार यादव (17) बीती 20 मई की रात साढ़े नौ बजे एक शादी समारोह में जाने की बात कहकर घर से निकला था, जो देर रात तक नहीं लौटा। साढ़े तीन बजे के लगभग घर से कुछ दूरी पर अधमरा हालत में पड़ा मिला।

**हालत नाजुक देखकर रेफर किया गया था** : उसे आनन-फानन में भीरपुर करछना के एक निजी अस्पताल ले गए, हालत नाजुक देख अस्पताल के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेज दिया। रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। शिव कुमार की मौत से पूरा परिवार टूट सा गया है। सभी का रोते-रोते बुरा हाल है। पिता के उसके बेटे की पीट-पीटकर हत्या की गई है लेकिन वजह वह नहीं बता पा रहे हैं।पिता के मुताबिक, घटना के बाद जब होश में किशोर आया था तो पूछताछ में उसने पड़ोस के संजय गिरी, अंतिमा गिरी, अमित निषाद, आदित्य पर लाठी डंडे से पीटने की बात कही थी। हालांकि परिजनों ने इन लोगों से रंजिश की बात भी नहीं कही है। पुलिस नामजद आरोपियों को तो निशाने पर ली है। अन्य कई संदिग्ध भी निशाने पर हैं। पुलिस सूत्र ही बताते हैं कि पुलिस पूरे मामले के बिल्कुल करीब पहुंच गई है।

## रंगदारी मांगने का आरोप

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता ने एक व्यक्ति पर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। पट्टी तहसील में अधिवक्ता के रूप में काम करने वाले सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि सहसपुर गांव का एक व्यक्ति खुद को अधिवक्ता बताता है जबकि वह अधिवक्ता नहीं है वह मंगलवार की शाम को जान से मारने की धमकी देते हुए प्रतिदिन रंगदारी मांगने की बात कही जिससे अधिवक्ता परेशान हो गया उसने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर लोगों को किया गया जागरुक

### रेलवे स्टेशन पर एसपी के निर्देशन में नशा के विरुद्ध चलाया अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** निदेशालय महिला कल्याण उ0प्र0 लखनऊ एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान एक युद्ध नशे के विरूद्ध के क्रम में रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़ जक्शन पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी/नोडल अधिकारी श्री रोहित मिश्रा के पर्यवेक्षण में स्टेशन अधीक्षक, चाइल्ड लाइन, स्वास्थ्य विभाग, जीआरपी पुलिस, आरपीएफ पुलिस, थाना ए0एच0टी0यू0 से प्रभारी निरीक्षक चंचल कुमार यादव मय हमराह हे0का0 फिरोज सिद्दिकी, का0 जितेन्द्र सिसौदिया, का0 तौसीफ रजा व का0 आलोक सिंह के संयुक्त टीम द्वारा अभियान एक युद्ध नशे के विरूद्ध के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन, थाना को0 नगर क्षेत्र मे भ्रमण किया गया व लोगों को उक्त अभियान के बारे में जागरूक किया गया एवं रेलवे स्टेशन के आस-पास के दुकानदारो को गुटका, तम्बाकू, बीड़ी, सिगरेट आदि नशीले पदार्थ न बेचने की हिदायत दी गयी।



रेलवे स्टेशन पर नशा के खिलाफ लोगों को जागरुक करती पुलिस।

उधर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहंडोर में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत लोगों को तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणाम के बारे मे जानकारी दी गयी। प्रभारी चिकित्साधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय रामापुर डा अवनीश पाण्डेय ने बताया कि पान मसाला, खैनी, सिगरेट, बीड़ी के सेवन से विश्व में हर साल 70 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। भारत में तंबाकू से मरने वालों की संख्या तेरह लाख प्रतिवर्ष है। हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को तंबाकू के कारण होने वाले घातक परिणामों के प्रति जागरुक करना है। सी एच सी के चिकित्साधिकारी डा आलोक पाण्डेय ने बताया कि तम्बाकू से फेफड़े का कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग, मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन, पेट मे घाव, आंत का कैंसर, ब्रांकाइटिस, मोतियाबिन्द जैसे घातक रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। नेत्र परीक्षण अधिकारी सी एम शुक्ला ने बताया कि तम्बाकू उत्पाद पर्यावरण को क्षति पहुँचाते हैं। तंबाकू के कारण हजारों टन जहरीले पदार्थ एवं ग्रीन हाउस गैसेस पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहीं हैं। तम्बाकू की खेती कृषि योग्य भूमि के पोषक तत्वों को हानि पहुचाती हैं। तम्बाकू निर्माण से रसायनिक कचरा पैदा होता जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान होता है।

## योजनाओं का लाभ लेने के लिये 15 जून तक करें आवेदन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्ष 2023-24 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट योजना एवं मत्स्य पालक कल्याण कोष हेतु विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं के लाभ से जनसामान्य को आच्छादित करने के लिये आवेदन प्राप्त करने हेतु विभागीय पोर्टल 30 मई से 15 जून 2023 तक के लिये खोला गया है। योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विवरण इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों का विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। जनसामान्य विभागीय पोर्टल पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु मत्स्य विभाग के मण्डलीय व मत्स्य पालक विकास अभिकरण प्रतापगढ़ के जनपदीय कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

# ग्रामीणों ने बाई पास से रास्ता न दिये जाने पर काम रोका

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** इलाहाबाद लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्लाक कालाकांकर की ग्राम पंचायत हिनाहू गांव के सामने बन रहे बाई पास पर आने जाने के लिये ग्रामीणो को अंडर ग्राउंड रास्ता न मिलने व जमीन का अभी तक मुआवजा न मिलने से बुधवार को ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी की अगुवाई मे दर्जनों की संख्या मे ग्रामीण लोग निर्माण स्थल पर पहुंच गये और मौके पर मौजूद कर्मचारियों से हिनाहु गांव से लाल सिंह का पुरवा आने जाने के लिये रास्ता दिये जाने की बात कही।

### कालाकांकर ब्लाक के हिनाहूँ गांव का मामला

आक्रोशित किसानो ने सड़क निर्माण में लगे कार्य को रोककर जमकर हंगामा किया और कहा कि जब तक हम लोगों को जमीन का मुआवजा व आने जाने का अंडर बाई पास नहीं मिलेगा तब तक हम लोग कार्य नहीं करने देंगे।

जिस पर रोड पर कार्य कर रहे कांटेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया कि उक्त किसानों को जमीन का मुआवजा तथा अंडर बाई पास बनाने के लिये गुरुवार की शाम ग्रामीणों को बुलाया है जिसमे अधिकारियों के आने पर बातचीत की संभावना है। आक्रोशित किसानो ने कहा कि जब तक हमें जमीन का मुआवजा व हिनाहूँ गांव से लाल सिंह का पुरवा आने जाने के लिए अंडर बाई पास नहीं मिलेगा तब तक भी हम लोग काम नही करने देंगे, जिसमें हिनाहूँ ग्राम प्रधान संजय त्रिपाठी, विमल तिवारी, राजाराम, द्वारका प्रसाद, दशरथ लाल, माया देवी, प्रताप नारायण, अशोक कुमार, जगन्नाथ प्रसाद, शीतला प्रसाद, नत्थू यादव, प्रदीप त्रिपाठी, शिवप्रसाद सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# देर रात तक हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोग रहे सराबोर

### महोत्सव में प्रस्तुत की गई विभिन्न झांकियां

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री गंगा दशहरा महोत्सव में माँ के भक्तों का जमावड़ा देर रात तक लगा रहा। महाआरती के बाद भक्ति गीतों में भक्तजन इतने मग्न हो गए कि कोई घर जाने का नाम ही नहीं ले रहा था। भक्तों के लिए समिति ने विभिन्न झांकियों को प्रस्तुत किया। रात 11 बजे तक भक्तों का रेला लगा रहा और प्रसाद वितरण होता रहा।

समिति के अध्यक्ष मुन्ना सिंह ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भीषण गर्मी होने के बावजूद भी भक्तों का रेला लगा हुआ है। जिससे समित का उत्साह बढ़ा है। समिति सभी भक्तों का आभार जताते हुए कहा कि मां की कृपा से भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है आगे भक्तों की सुरक्षा के लिए समिति और व्यवस्था करेगी। समिति के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि आज गंगा दशहरा महोत्सव में उमड़े जनसैलाब को नियंत्रित करने में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा।



गंगा दशहरा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चिकित्सा व्यवस्था, गोताखोर, अग्निशमन, नगरपालिका के साथ सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। पूरे धाम को छावनी में बदल दिया गया था। ए0एस0पी0, सी0ओ0 सिटी, एसडीएम सदर, शहर कोतवाल, चौकी प्रभारी भुलियापुर आदि सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल लगाकर भीड़ को नियंत्रित किया। महोत्सव में प्रमुख रूप से नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह, समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार अपर जिला जज, पूर्व सूचना सहायक निदेशक आर0बी0 सिंह, शैलेंद्र नाथ मिश्र, शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र गुप्ता, राजेश पांडे, सुरेश चंद्र पांडे, भाजपा नेता डब्बू सिंह, विवेक उपाध्याय, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, विवेक कुमार, रघ्घु पंडा, मनोज पंडा, सनी तिवारी, त्रिवेणी तिवारी, आशीष पाठक, आशीष कुमार, सुरेश मास्टर, जग्गू पंडा, सोनू पंडा, मोनू पंडा, प्रमोद, अजय, गैडा, अरविंद कोटेदार, भारत, दीपक, प्रदीप, विजय, बच्चा, राजू, अमन, मोनू, पप्पू पांडे, गिरजा, गणेश, बीनू, गोलू, रविंद्र, इंद्रेश, संजय बाबा आदि हजारों की संख्या में भक्तगण झांकियों को देखने के लिए जमे रहे।

# सुलह समझौते से मध्यस्थगण अधिक से अधिक मुकदमों का करायें निस्तारण: सचिव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के निर्देशन में अधिवक्ता/मध्यस्थगण की बैठक अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक अधिवक्ता मध्यस्थगण के कार्यो की समीक्षा की गई।

इस अवसर पर सचिव द्वारा मध्यस्थगण को निर्देशित किया गया कि मध्यस्थता केन्द्र में सन्दर्भित मुकदमों के पक्षकारों के बीच आपसी सुलह समझौता कराकर अधिक से अधिक मुकदमों का निस्तारण करायें। बैठक में मध्यस्थगण द्वारा बतायी गयी समस्याओं के समाधान का भी सचिव द्वारा आश्वासन दिया गया। बैठक में मध्यस्थगण द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश सन्दर्भित पत्रावलियों में दोनो पक्ष उपस्थित नहीं होते जिसके कारण पत्रावलियों में सुलह समझौता नहीं हो पाता। मध्यस्थगण ने यह कहा कि न्यायालय द्वारा पत्रावली मध्यस्थता केन्द्र पर सन्दर्भित किये जाने के समय दोनो पक्षों को सूचित कर दिया जाये तो पक्षकरों की उपस्थिति में सुलह समझौते का प्रतिशत बढ़ सकता है। पारिवारिक विवादों/दहेज उत्पीड़न सम्बन्धित

### बैठक में कार्यों की हुई समीक्षा

विवादों में प्राथमिकी दर्ज होने के तुरन्त बाद प्रकरण को यदि मध्यस्थता केन्द्र को सन्दर्भित किया जाये तो अधिक से अधिक विवादों का निस्तारण विवेचना होने के पूर्व कराया जा सकता है। बैठक में मध्यस्थगण द्वारा बताया गया कि सिविल वाद, भरण पोषण वाद, धारा 138 एन0आई0 एक्ट के वादों को भी मध्यस्थता केन्द्र में आपसी सुलह समझौता हेतु सन्दर्भित कराने की मांग की गई। इस अवसर पर नवीन कुमार श्रीवास्तव, शम्भू सिंह, विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी, अयोध्या प्रसाद यादव, किरन बाला सिंह, रमाकान्त दूबे, मिनी शुक्ला अधिवक्ता मध्यस्थगण उपस्थित रहें।

## आबादी की जमीन को लेकर महिला को पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आबादी की जमीन के विवाद को लेकर आरोपियों ने एक महिला को जमकर मारपीट दिया। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के बेलसंडी गांव की रहने वाली सीताबी देवी पत्नी काशीराम ने बताया कि उसके पड़ोसी आबादी की जमीन को लेकर उसे परेशान करते हैं बुधवार को आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसे मारा पीटा तथा उसके घर में तोड़फोड़ करते हुए सामान क्षतिग्रस्त कर दिया।

## वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के लिये हेल्पलाइन नम्बर जारी

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने अवगत कराया है कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने वरिष्ठ नागरिकों के लिये भारत की पहली अखिल भारतीय हेल्पलाइन शुरू की गई है जिसे एल्डर लाइन कहा जाता है जिसका टोल फ्री नम्बर-14567 है। यह वरिष्ठ नागरिकों को उनके सामने आने वाली चुनौतियों और समस्याओं में सहायता प्रदान करती है। यह हेल्पलाइन प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक चालू रहती है। एल्डर लाइन वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन के मुद्दों, कानून मुद्दों, सरकारी योजनाओं की जानकारी, आपदाओं में सहायता, दुर्व्यवहार से पीड़ित तथा त्यागे गये बुजुर्गों की सहायता की जाती है।

## बालश्रम कर रहे पांच बच्चों को कराया गया मुक्त

**प्रतापगढ़।** बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान बालश्रम/बंधुआ मजदूरी/बालभिक्षावृत्ति रोकथाम के क्रम में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी/नोडल अधिकारी रोहित मिश्रा के पर्यवेक्षण में श्रम प्रवर्तन अधिकारी, थाना ए0एच0टी0यू0 से का0 जितेन्द्र सिसौदिया, का0 तौसीफ रजा के संयुक्त टीम द्वारा अभियान बालश्रम, बंधुआ मजदूरी, बालभिक्षावृत्ति रोकथाम के अन्तर्गत रेलवे स्टेशन, थाना को0 नगर क्षेत्र मे भ्रमण किया गया। भंगवा चुंगी थाना कोतवाली नगर प्रतापगढ़ से पांच बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया व श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा नियोजकों के खिलाफ नोटिस निर्गत किया गया व लोगो को हिदायत दिया गया कि नाबालिक बच्चों से कार्य न करवाये तथा उक्त अभियान के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।

# प्रयागराज जा रही रोडवेज बस पलटी, चालक घायल, यात्रियों को आई हल्की चोटें

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ से प्रयागराज जा रही प्रयागराज डिपो की एक अनुबंधित रोडवेज बस भुपियामऊ के आगे सराय सागर गांव के पास असंतुलित होकर पलट गई जिससे अनुबंधित बस का चालक आलोक तिवारी घायल हो गया। यात्रियों को हल्की चोटें आई है। घायल बस चालक को ग्रामीणों तथा पुलिस की मदद से उपचार के लिये एम्बुलेंस से मेडिकल कालेज के अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा यात्रियों को हल्की चोटें होने के कारण उन्हें परिचालक ने किराया वापस कर दूसरी बस से इलाहाबाद भेज दिया।

घटना के बारे में बताया जाता है कि दिन में लगभंग तीन बजे प्रतापगढ़ से प्रयागराज जा रही अनुबंधित रोडवेज बस जैसे ही भुपियामऊ के आगे सराय सागर के पास पहुंची, असंतुलित होकर बस पलट गई और चालक जाकर दूर गिरा। चर्चा है कि बस चालक नषे में था। घटना की सूचना मिलते ही रोडवेज में अफरा-तफरी मच गई।



भुपियामऊ के आगे पलटी रोडवेज बस की जांच करते पुलिस कर्मी।

घटना की सूचना पाकर भुपियामऊ की पुलिस व ग्रामीण पहुंच गये, जिन्होंने घायल चालक को एम्बुलेंस से राजकीय मेडिकल कालेज में उपचार के लिये भेजवा दिया। अनुबांधित बस के परिचालक जय प्रकाष वर्मा ने सभी यात्रियों का पैसा वापस किया जो दूसरी बस से प्रयागराज के लिये रवाना किये गये। घटना स्थल पर भुपियामऊ पुलिस चैकी प्रभारी रज्जन राव व अन्य सिपाही मौके पर मौजूद रहे।

# पट्टी-पृथ्वीगंज मार्ग खस्ताहाल, लोगों का चलना हुआ मुहाल, हल्की बरसात में गड्ढों में भर जाता है पानी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर से पृथ्वीगंज मार्ग पर चलना खतरे से खाली नहीं है, कई स्थानों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, साइकिल से तथा मोटर वाहन से आने जाने वाले लोग जिसमें गिरकर जख्मी हो रहे हैं। सड़क के खराब हो जाने से उड़ती हुई धूल भी लोगों के लिए नुकसानदेह साबित हो रही है। चिलचिलाती हुई धूप में आते जाते हुए लोग सड़क में बने हुए गड्ढों से परेशान हैं।एक तरफ सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने सड़कों के चैड़ीकरण करने तथा सबसे अधिक सड़क बनाने का दावा करती है, मगर ग्रामीण क्षेत्रों का तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क में कोई सुधार नहीं हो रहा है। पट्टी नगर से पृथ्वीगंज बाजार की दूरी लगभग 9 किलोमीटर है इस सड़क पर लगभग एक दर्जन गांव जोड़ते हैं जो पट्टी मुख्यालय तक आने के लिए एक प्रमुख मार्ग है, लेकिन इसी मार्ग कई जगह बीच-बीच में टूट चुका है सड़क के कई जगह टूट जाने से कोचिंग आने जाने वाले बच्चे अक्सर उसमें गिरकर जख्मी हो रहे हैं। सड़क टूटने के कारण गाड़ियों का आपस में बगल से निकालने के चक्कर में टक्कर भी हो जाता है।



पट्टी-पृथ्वीगंज मार्ग की खस्ताहाल सड़क।

## दो ब्लाक प्रमुख का आवास इसी मार्ग पर मगर सड़क बेकार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाबा बेलखरनाथ धाम के ब्लाक प्रमुख सुशील सिंह का घर रामकोला में है वहीं आसपुर देवसरा ब्लाक प्रमुख कमलाकांत यादव का घर भी उसी गांव में है। दो ब्लॉक प्रमुख का आने जाने का रास्ता यही है, मगर जनप्रतिनिधि होने के बावजूद भी हमेशा इसी सड़क से आना जाना रहता है फिर भी सड़क ठीक ना होने से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि जब जनप्रतिनिधि ही कुछ नहीं कर रहे हैं तो आखिर जनता क्या कर सकती है।

## आधा दर्जन से अधिक गांव को जोड़ती है सड़क

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी नगर से निकलने पर रायपुर कोठियार, सरसतपुर, चरैया रामकोला, बहुता, होशियारपुर रमईपुर दिशिनी, शरमा सहित कई गांव हैं जिससे होकर लोग इसी मार्ग से होकर मुख्यालय तक पहुंचते हैं। यही एक ऐसा मार्ग है जहां से मुख्यालय तक पहुंचना लोगों की मजबूरी है, मगर सड़क का हाल खस्ताहाल है और लोग मजबूरी बस चलने के लिए विवश हैं।

# हत्या के प्रयास में तीन वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

### दो वांछित व एक बाल अपचारी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना उदयपुर के उ0नि0 राजेश यादव व उ0नि0 चन्द्रमाराम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना उदयपुर के मु0अ0सं0 57/23 धारा 323, 324, 504, 506, 307 भादवि में वांछित 03 अभियुक्तों मो0 इकलाख, मो0 इकरार व मो0 आफताब पुत्रगण मो0 शबाब नि0गण ग्राम बड़ा भटपुरवा मजरे मुस्तफाबाद थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र उदयपुर के महमूदपुर चैराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद कुल्हाड़ी व दो अदद डण्डा बरामद कियां गया। उधर पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना रानीगंज के व0उ0नि0 योगेश चतुर्वेदी व उ0नि0 सालिकराम शुक्ला मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना रानीगंज के मु0अ0सं0 146/23 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 307 भादवि में वांछित तीन अभियुक्तों नन्द लाल यादव पुत्र जवाहर लाल, विनोद यादव पुत्र बनवारी लाल व बाल अपचारी नि0गण ग्राम रुपीपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र रानीगंज के चिरकुटी चैराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद लोहे की राड़ व एक अदद डण्डा बरामद किया गया।

# अपनी कलम निष्पक्ष व ईमानदारी से चलाएं पत्रकार

### नगर पंचायत मानिकपुर में सम्पन्न हुआ पत्रकारिता दिवस

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई कुंडा के तत्वाधान मे मंगलवार को नगर पंचायत मानिकपुर के कामन हाल मे पत्रकारिता दिवस बड़े ही भव्य रूप के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे नव निर्वाचित चेयर पर्सन चंद्रलता जायसवाल रही।

विशिष्ट अतिथि के रूप मे आये पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डा0 भगवान प्रसाद उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए अपने सम्बोधन मे कहा कि लोकतंत्र के चैथे स्तम्भ कहे जाने वाले पत्रकारों को अपनी कलम निष्पक्ष व ईमानदारी से चलाये जिससे जनमानस के सामने पत्रकार की कलम से सच उजागर हो सके। समारोह के विशिष्ट अतिथि पत्रकार महासंघ के



पत्रकारिता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोलतीं अध्यक्षा चंद्रलता।

राष्ट्रीय संरक्षक बालकृष्ण पांडेय ने पत्रकारिता के विषय मे अपने विचार ब्यक्त किये। इस दौरान अधिशाषी अभियंता ने अपनी सहमति प्रदान करते हुए पत्रकारों के लिए सूचना केंद्र भवन के लिए एक बिस्वा जमीन देने की घोषणा किया जिस पर लोगो ने जोरदार तालियों से स्वागत किया। समारोह के आयोजक एवं तहसील इकाई कुंडा के संयोजक प्रांतीय सचिव डा0 विजय यादव व पत्रकार महासंघ के ष्ट्रीय मुख्य महा सचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, प्रयागराज मण्डल अजय पांडेय ,शैलेश शर्मा, राम भरोसे मिश्र व भाजपा सांसद प्रतिनिधि संजय सोनकर ने अपने विचार ब्यक्त करते हुए पत्रकारों को खबर की सच्चाई ईमानदारी व निष्पक्ष लिखने पर जोर दिया। नव निर्वाचित चेयर पर्सन श्रीमती चंद्रलता जायसवाल ने पत्रकारिता दिवस मे आये सभी पत्रकार बन्धुओ व विशिष्ट अतिथि डा0 भगवान उपाध्याय का अभिवादन करते हुए आभार ब्यक्त किया। इस मौके पर लोकेश मिश्रा, पन्नालाल गुप्ता, मो0 हाशिम, मो0 हसनैन हाशमी, सौरभ वैश्य, विजय अग्रहरि, सुरेश जायसवाल, अजय यादव, काशी राणा, संजय शुक्ला, दीपक गुप्ता, शाहबाज खान, संजय कक्कड पप्पन, रवींद्र दुबे, संदीप मिश्रा, रामप्रताप पांडे उर्फ.गुड्डू भईया, अमरनाथ यादव, इजहार अहमद शेख, संदीप यादव, दिलीप साहू, कुलदीप विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### साइबर सेल टीम द्वारा पीडिता के 15 हजार रुपए खाते में कराया गया वापस

**कौशाम्बी** थाना चरवा अंतर्गत 18 मार्च 2023 को आवेदिका शाति देवी पत्नी सिपाही लाल निवासी व थाना चरवा द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष एक शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका के अकाउण्ट से आनलाईन धोखाधड़ी कर रुपये निकाल लिये गये हैं, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सेल को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में साइबर सेल द्वारा कुशलता व सक्रियता से कार्यवाही करते हुये आवेदिका उपरोक्त के अकाउण्ट से निकली धनराशि 15 हजार रुपए आवेदिका के खाते में वापस कराये गये

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त वीरू मौर्या पुत्र कमलेश मायां निवासी पड़रिया सुकवारा थाना सराय अकिल को करन चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# प्रेमिका के साथ निकले युवक का मिला रक्त रंजित शव

**अखंड भारत संदेश**

**मृतक के साथी और उसकी प्रेमिका मौके से फरार पुलिस कर रही तलाश, रक्तरंजित शव मिलने की जानकारी पर मौके पर पहुंचे पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्राधिकारी ने की जांच पड़ताल**

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज पुलिस चौकी अंतर्गत बस स्टॉप के पीछे मुजाहिद पुर छोटी धन्नी के पास में खेत में युवक का रक्तरंजित शव मिला है शव मिलने की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया मालूम हुआ कि प्रयागराज जनपद के बम्हरौली निवासी रोहित दुबे पुत्र दुबे लाल अपनी प्रेमिका साहिबा पुत्री किशन निवासी बम्हरौली और कुछ दोस्तों के साथ घूमने निकले थे जिनकी सिर कुछ कर हत्या कर दी गई है सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की है। घटनाक्रम के मुताबिक प्रयागराज बम्हरौली निवासी रोहित दुबे पुत्र दुबे लाल अपनी प्रेमिका साहिबा पुत्री किशन निवासी बम्हरौली कुछ दोस्तों के साथ घूमने निकले थे जिनकी सिर कूच कर हत्या कर दी गई है बुधवार की सुबह ग्रामीण खेत की ओर जा रहे थे तो देखा कि संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मुजाहिदपुर बस स्टॉप के पीछे छोटी धन्नी गांव के खेत मे एक युवक उम्र लगभग 20 वर्ष का रक्तरंजित शव पड़ा है युवक की ईट वा लकड़ी की फंटी से सिर कूचकर हत्या की गई है खेत में रक्तरंजित शव मिलने की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के तमाम लोगों की भीड़ लग गई है मौके पर पहुँची पुलिस ने रक्तरंजित शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया है प्रयास के बाद शव की शिनाख्त हो गई है घटना की सूचना पर सीओ चायल योगेंद्र कृष्ण नारायण सहित तमाम पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची है, पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

## निमंत्रण खा कर घर जा रहे युवक को दबंगों ने पीटा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालीपुर टाटा में बीती रात्रि करीब 9:30 बजे गांव के ही कुछ दबंगों ने बिना बात एक युवक को बेरहमी से पीट दिया जिससे युवक के शरीर पर गम्भीर चोट आई है। बालीपुर टाटा निवासी अशोक सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह बीती रात अपने ही गांव के ग्राम प्रधान के घर से निमंत्रण खा कर घर जा रहे थे तभी गांव के ही कुछ दबंग अंकित त्रिपाठी, आलोक त्रिपाठी वा रामसिंह त्रिपाठी वा पवन ने एक जुट होकर अशोक सिंह को बेवजह गाली गलौज देने लगे जब अशोक ने इसका विरोध किया तो उक्त दबंगों ने अशोक सिंह को लाठी डंडों से बुरी तरह से मरना पीटना शुरू कर दिया। किसी तरह जब अशोक सिंह वहा से जान बचाकर अपने घर की तरफ भागा तो दबंगो ने इसके घर पहुंच कर दरवाजे पर फिर से मारा पीटा जिससे अशोक सिंह के शरीर पर गम्भीर चोटे आई है दबंगो ने उसके घर का दरवाजा भी क्षतिग्रस्त कर दिया है शोर सुनकर लोग इकट्ठा हुए तो दबंग जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए।

# एक निरीक्षक और कई उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में एसपी ने किया बदलाव

**अखंड भारत संदेश**

**कई पुलिस चौकी इंचार्ज के कार्य क्षेत्र में भी हुआ बदलाव**

**कौशांबी।** जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक ने महकमे में फेरबदल करते हुए एक निरीक्षक और कई उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ निरीक्षक महेश सिंह को अतिरिक्त निरीक्षक मंझनपुर कोतवाली का जिम्मा सौंपा है विजय शंकर मौर्या उप निरीक्षक को थाना मंझनपुर से थाना कड़ाधाम कृष्ण कुमार उप निरीक्षक को पुलिस लाइन से मंझनपुर कोतवाली चौकी इंचार्ज पुलिस चौकी अझुवा अभिषेक गुप्ता को रावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज बनाया गया है और अरुण कुमार मौर्या को मंझनपुर कोतवाली की कोर्राई पुलिस चौकी से स्थानांतरित करते हुए पुलिस चौकी अझुवा का चौकी इंचार्ज बनाया गया है नीरज कुमार उपाध्याय उपनिरीक्षक को कड़ा धाम थाना से कोर्राई पुलिस चौकी इंचार्ज बनाया गया है इकराम खा उपनिरीक्षक को रावतपुर पुलिस चौकी से संदीपन घाट थाना भेजा गया है जय प्रकाश दुबे उपनिरीक्षक चौकी इंचार्ज बेरूई को मंझनपुर कोतवाली भेजने के निर्देश दिए गए हैं विकास चंद्र मिश्र उपनिरीक्षक थाना पिपरी को सराय अकिल कोतवाली की बेरूई चौकी इंचार्ज बनाया गया है।

# अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से सीख लेने की जरूरत : बलराम पाल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर ओसा में पाल समाज की ओर से बुधवार को अहिल्याबाई होल्कर की 298वीं जयंती बलराम पाल के कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। इसमें उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ( अपना दल यस ) राजेन्द्र प्रसाद पाल व जिला अध्यक्ष पाल समाज बलराम पाल ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने कहा कि नारी शक्ति कितनी महान होती है वह अपने जीवन में क्या कर सकती है इसका उदाहरण अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पढ़ने के बाद आपको मिल जाएगा। जीवन में परेशानियां कितनी भी हो उनसे कैसे निपटना है यह हमें अहिल्याबाई के जीवन से सीखना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रसाद पाल ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने सार्वजनिक जीवन में बहुत ही परेशानियों का सामना किया, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। यही वजह है कि भारत सरकार ने भी उनको सम्मानित किया, उनके नाम डाक टिकट भी जारी हुआ और आज अहिल्या बाई के नाम से अवार्ड भी दिया जाता है



कार्यक्रम में पाल समाज के जिला अध्यक्ष बलराम पाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अपना दल यस राजेन्द्र प्रसाद पाल, डॉ. रामकरन पाल, प्रेम पाल सहित पाल समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस द्वारा अभियुक्त जितेन्द्र निषाद पुत्र लालबाबू नि घोरपुरवा थाना महेवाघाट को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस द्वारा अभियुक्त राजा जायसवाल पुत्र उमाशिव निवासी नेवादा रसूलपुर थाना कोखराज को 07 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस द्वारा अभियुक्त मखनचू पुत्र चौबे निवासी मखऊपुर थाना पिपरी को 12 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा दो अभियुक्तों श्याम सिंह पुत्र कल्लू यादव व फवारे पुत्र शिववरन यादव निवासी गण व थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की मुख्य विकास अधिकारी ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्राथमिक विद्यालयों में बालिका शौचालय की स्थिति खराब पाये जाने पर सचिव को किया जायेगा निलम्बित : सीडीओ**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा जनपद स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयो में बालिका शौचालय की स्थिति खराब पाये जाने पर सचिव, ग्राम पंचायत को निलम्बित तथा 02 से अधिक विद्यालयां में बालिका शौचालय की स्थिति खराब पाये जाने पर एडीओ (पंचायत) को निलम्बित किया जायेंगा। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि अध्यापकों द्वारा बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान किये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को विद्यालय खुलने पर विद्यालयो का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें। मुख्य विकास अधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि शेष रह गये विद्यालयों में टाइल्स लगाने, रनिंग वाटर, विद्युत कनेक्शन एवं बाउन्ड्रीवॉल आदि कार्यों को 15 जून तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाय। बैठक में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया कि सहायता प्राप्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों द्वारा यू-डायस पोर्टल पर फीडिंग कार्य में लापरवाही बरती जा रहीं है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने यू-डायस पोर्टल पर फीडिंग न कराने वाले विद्यालयों को चिन्हित कर उनकी मान्यता समाप्त करने के निर्देश दियें। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी ऑगनबाड़ी केंद्रों को आधारभूत सुविधाओं-शौचालय, पेयजल, रनिंग वाटर एवं विद्युत कनेक्शन आदि से संतृप्त किया जाना है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।





# ग्राम पंचायत बलकरनपुर एवं सकाढ़ा में आयोजित किसान गोष्ठी का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा आज विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम पंचायत-बलकरनपुर में आयोजित किसान गोष्ठी का निरीक्षण कर जायजा लिया गया।किसान गोष्ठी में केवल 14 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं उपस्थित कृषकों एवं ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि आज ही उन्हें किसान गोष्ठी की सूचना पूर्वान्ह में दी गयी है, इसके पूर्व न ही ग्राम में मुनादी करायी गई और न ही डोर-टू-डोर कैम्पेन किया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि विभाग के उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियां के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये गये कि भविष्य में जिन ग्रामों में किसान गोष्ठी का आयोजन किया जाय, उन ग्रामों में पूर्व से ही मुनादी व डोर-टू-डोर कैम्पेन किया जाय। इसी प्रकार विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम पंचायत-सकाढ़ा में आयोजित किसान गोष्ठी में भी केवल 12 कृषक ही उपस्थित थे और किसानों को गोष्ठी की सूचना पूर्व में नहीं दिये जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि विभाग के उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियां के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में किसान गोष्ठी का आयोजन किया जाय, उन ग्रामों में पूर्व से ही मुनादी व डोर-टू-डोर कैम्पेन किया जाए इस अवसर पर जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत यादव, खण्ड विकास अधिकारी संजय गुप्ता एवं सचिव आशीष केशरवानी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व कृषकगण उपस्थित रहे।

### सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय, सकाढ़ा का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी ने ग्राम पंचायत–सकाढ़ा के प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान बालिका शौचालय की स्थिति अत्यन्त ही खराब पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारी को 03 दिवस के अन्दर शौचालय को ठीक कराने तथा कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालय की नियमानुसार रंगाई–पुताई का कार्य कराये जाने के निर्देश दियें तत्पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में लाभान्वित लाभार्थियां–श्रीमती राजकुमारी पत्नी राजकुमार, श्रीमती चुनिया देवी पत्नी रामबाबू एवं श्रीमती सुषमा देवी पत्नी मिथलेश के आवास का भौतिक सत्यापन किया गया, सत्यापन के दौरान आवास बने हुये पाये गये बालिका शौचालय की स्थिति अत्यन्त ही खराब पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए 03 दिवस के अन्दर ठीक कराने के निर्देश दिए।

# कौशाम्बी पुलिस से अज्ञात लाशें मांगे न्याय, कहां हैं मेरे हत्यारे

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अज्ञात लाश मिलने की परंपरा बहुत पुरानी हो गई है कुछ मामलों का खुलासा तो थाना पुलिस कर पाती है और तमाम मामले थाना पुलिस के अभिलेखों में दफन होकर रह जाते हैं कौशांबी पुलिस से अज्ञात लाशों न्याय मांग रही हैं कहां हैं हत्यारे कब उनकी गिरफ्तारी होगी सराय अकिल थाना क्षेत्र चरवा क्षेत्र कोखराज मे 2021 में हत्या कर ठिकाने लगाए गए लाशों की अब तक शिनाख्त करवा पाने मे पुलिस नाकाम साबित हो रही है अपराध पर अंकुश लगा पाने मे विफल थानेदारो की कुर्सी छिन गई लेकिन जो भी आया उसे अज्ञात लाशो से पर्दा उठाने के लिए फुर्सत नही मिली।सिर्फ. कुर्सी की धमक और अपने को सिंघम साबित करने की नाकाम कोशिश करते देखे गये है। यही वजह है कि कई अज्ञात लाशो के हत्यारों तक पुलिस के हाथ नही पहुंच सके अपराध पर अंकुश लगाने के सारे दावे फेल है।कई अज्ञात हत्याओं की फाईल गुमनामी के अंधेरे मे दबी है। बता दें कि चरवा थाना क्षेत्र मे 25 मई को ससुर खदेरी नदी मे घूरी गांव के पास एक अज्ञात सर कटी महिला की शव मिली थी।प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नही हो सकी।पुलिस ने अज्ञात हत्यारों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अपना कार्य समाप्त कर दिया।दो वर्ष बीत चुके हत्यारो तक पहुंचना तो दूर शव किसका था कहा का है इसका भी पता नही कर सकी।इसी प्रकार 24 अगस्त को सराय अकिल थाना क्षेत्र के बैरगांव मे उसी ससुर खदेरी नदी मे पुनः बोरे मे एक अज्ञात शव अधेड़ की मिली थी। जिसे पहले पुलिस अंतिम संस्कार कर प्रवाह की लाश बता रही थी लेकिन जब अधिकारियों के दबाव मे पोस्टमार्टम कराया गया तो तीन दिन पूर्व हत्या कर फेंकी गई लाश निकली।जिसका मुकदमा सराय अकिल थाना मे अज्ञात हत्यारो के विरुद्ध दर्ज किया गया। पुलिस को इस मुकदमे मे कोई कामयाबी नही मिली।मामला विवेचना की डायरी मे दबी है शव किसका है कहां से आया ,हत्यारे कौन है? इसका जवाब सराय पुलिस के पास नही है। दो लाशो मे उलझी पुलिस सभल नही पाई कि तीसरी अज्ञात शव 38 वर्षीय महिला की सरॉय अकिल थाना क्षेत्र के इसीपुर गांव के तालाब के पास मिल गई थी।घटना की सूचना पर वही पुराना ढंग पुलिस ने शव को कब्जे मे लिया पोस्टमार्टम करकर दयित्वों की पूर्ति कर अज्ञात मे मुकदमा दर्ज कर ,हत्यारो तक पहुंचने की दौड़ शुरू हुई और थक हार कर पुलिस सो गई तीन वर्ष पहले चरवा थाना क्षेत्र के पनोई मोड में बालिका की अर्धनग्न लाश मिली थी लेकिन वर्षो बीत जाने के बाद भी बालिका की अर्ध नग्न लाश का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है कोखराज थाना क्षेत्र के रेल लाइन नौढिया के आसपास बुधवार को फिर लाश मिली है इसके पहले भी इस क्षेत्र में लाश मिल चुकी है जिनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है लगातार हत्याए करके हत्यारे कौशाम्?बी आकर शव ठिकाने लगाकर चले गये और थानो की पुलिस कुम्भकरण की नींद सोती रही। कौशाम्?बी पुलिस घटनाओ के शत प्रतिशत खुलासा करने का दम्भ भर रही है। पुलिस की नाकामी का काला चिट्ठा सामने आने के बाद कार्यवाही हुई लेकिन जिसे भी जिम्मेदारी मिली वही इन घटनाओं के खुलासे मे नाकाम रहे।

**आखिर कौशाम्बी की पुलिस कब तक कर पाएगी अज्ञात शवों का खुलासा**



### उलाहना देने गए परिवार को दबंगों ने दौड़ा कर पीटा

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरोलहा में दबंग किस्म के लोगो ने पिता समेत परिवार को लाठी डंडों से पीटा है जिससे एक ही परिवार के तीन लोगो को गम्भीर चोट आई है। जानकारी के मुताबिक बरोलहा गांव के निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र जवाहर लाल यादव 30 मई को गांव के ही पिंटू पुत्र भगौती प्रसाद के घर उलाहना देने गया की मेरी बेटी को उल्टा सीधा क्यों बोलते हो इतने सी बात में पिंटू वा उसका भाई चंद्रबली पुत्र भगौती प्रसाद वा चाचा संगम लाल पुत्र मोती लाल एक जुट होकर सुरेंद्र कुमार को भद्दी भद्दी गाली गलौज देने लगे जब सुरेंद्र कुमार ने इसका विरोध किया तो पिंटू, चंद्रबली वा संगम लाल ने सुरेंद्र कुमार को लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जिससे सुरेंद्र के शरीर पर गम्भीर चोट आई है। शोर सुनकर सुरेंद्र कुमार की पत्नी सुनीता देवी वा लड़की शिवानी मौके पर पहुंच कर बीच बचाव करने लगी तो उक्त दबंगों ने सुरेंद्र की पत्नी सुनीता वा बेटी शिवानी को भी मारने पीटने लगे । जिससे सुनीता और बेटी शिवानी को भी चोट आई है। लड़ाई झगड़े की सूचना मिलते ही गांव के लोग इकट्ठा हुए तो दबंगों ने जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

# एलआईसी में नए वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक ने संभाला कार्यभार

**अखंड भारत संदेश**

**इससे पहले कार्यालय में कार्यरत थे मृदभाषी प्रबन्धक आरएस केसरवानी**

**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत मेहता रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय में पूर्व प्रबन्धक आर एस केशरवानी का तबादला होने के बाद अलीगढ़ निवासी वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक मनोज सक्सेना को भरवारी भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय भेजा गया है मनोज सक्सेना ने भरवारी कार्यालय पहुँच कर अपना कार्यभार कुशलता पूर्वक ग्रहण कर लिया है कार्य भार ग्रहण करने पर कार्यालय में भरवारी के निवासी एवम बीमा क्षेत्र के भीष्म पितामह कहे जाने वाले अवकाश प्राप्त कमलेश केशरवानी एवम कानपुर निवासी भारतीय जीवन बीमा निगम के सहायक शाखा प्रबन्धक मंजर वारसी ने फूलो के गुलदस्ते से उनके आगमन पर स्वागत एवम अभिनंदन किया इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक मनोज सक्सेना ने अपने सभी कर्मचारीयों से कहा कि आप लोगो को भरोसा दिलाता हू की आप लोगों की हर समस्या का निदान मेरी कार्य शैली में होगा वही मेरे कार्यालय में आने के बाद आप सभी लोगों से भी उम्मीद करुगा कि भारतीय जीवन बीमा निगम अपने मंडल में प्रथम श्रेणी के साथ ए ग्रेड के साथ व्यापार में अग्रणी भूमिका निभाते हुए भरवारी शाखा के साथ जनपद का भी नाम रोशन करे मनोज सक्सेना ने बताया कि मैंने 1991 में बतौर आधिकारी के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम में ज्वाइन किया थ आज कड़ी मेहनत ईमानदारी कर्मठ संघर्ष वा लगन का प्रतिफल है जो वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक बनकर आप लोगों के बीच उपस्थिति हू मुझे यह भी जानकारी मिली है कि इससे पहले एसआर केशरवानी थे जिनकी कार्य शैली बहुत ही सुन्दर एवम मृदभाषी वा ब्यक्तित्व के धनी कर्मठ ईमानदार छवि के रूप मे थी सभी कर्मचारियो में अपनी एक छाप बनाकर गए है मैं भी प्रयास करूगा की आप सभी के सुर से सुर मिला कर काम किए जाय इस मौके पर सभी कर्मचारी मौजूद थे।



## न्यूज झरोखा

### रेल लाइन पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव, नहीं हो सकी पहचान



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के हावड़ा दिल्ली रेल लाइन के बिदनपुर रेलवे स्टेशन के नौढिया गांव के पास रेल लाइन के किनारे एक युवक का क्षत विक्षत शव मिला है युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जाती है रेल लाइन के पास शव मिलने की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है इस इलाके में पहले भी लोगों के शव मिल चुके हैं बताया जाता है कि इलाके के एक गांव का एक व्यक्ति ट्रक चालकों को अगवा कर उनकी हत्या कर ट्रक और उसमें लदे समान को लूटने में बीते कई दशक से सक्रिय है बताया जाता है कि ट्रक चालकों को अगवा कर वाहन लूटने वाले गिरोह के सरगना पर पहले से कोखराज पूरामुफ्ती प्रयागराज के थानों सहित कई थानों में दर्जनों गम्भीर मुकदमे दर्ज हैं लावारिस लाश मिलने के मामले में पुलिस को गंभीरता से जांच कर मामले का खुलासा करने की जरूरत है।

### दुष्कर्म के अभियुक्त को 20 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधाम अंतर्गत 03 जनवरी 2019 अभियुक्त द्वारा वादिनी की 10 वर्षीय पुत्री के साथ आम के बाग में दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पॉक्सो एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तों राहुल पुत्र नानबाबू निवासी रामपुर बढ़नावा थाना कड़ाधाम को न्यायालय एडीजे–07 पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष का कारावास तथा 20 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 09 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

### निरोधात्मक कार्यवाही मे 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना महेवाघाट से एक थाना सराय अकिल से सात थाना मोहब्बतपुर पइसा से एक कुल 09 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 178 वाहनों का ई–चालान किया गया व एक वाहन से 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया तथा तीन वाहनों को सीज किया गया।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त नीतेश सिंह पुत्र रामकृष्ण सिंह निवासी चनहट थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 2200 ग्राम नाजायज गांजा के साथ टेवा रोड पुनवार से गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## संपादकीय

# हिंदी भाषा के बिना पत्रकारिता का भविष्य नहीं

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

**वर्तमान** में हम देख रहे हैं कि हिंदी भाषा को लेकर हमारे अपने देश में ही बड़ी खींचातानी मची हुई है। हिंदी पत्रकारिता देश की आजादी से पहले से चली आ रही है। देश की स्वतंत्रता में हिंदी पत्रकारिता का बड़ा योगदान रहा है। बाल गंगाधर तिलक से लेकर महात्मा गांधी और भगत सिंह जैसी हस्तियों ने देश को स्वतंत्र कराने के लिए पत्रकारिता का सहारा लिया। प्रतिवर्ष 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के मनाने के पीछे क्या कारण रहा है? इसे जानना भी जरूरी है। इतिहास के पन्नों में देखें तो 30 मई को ही हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाने के पीछे जो पुख्ता कारण नजर आता है, वह भारतवर्ष के सबसे पहले समाचार पत्र के स्थापना दिवस से संबंध रखता है। 30 मई 1826 को 'उदंत मार्तंड' समाचार पत्र का पहला अंक प्रकाशित किया गया था। वहीं से तय किया गया कि इस दिवस को हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में आयोजित किया जाएगा। इस संदर्भ में देखें तो हिंदी पत्रकारिता दिवस ने अपने 196 वर्षों की यात्रा संपन्न कर ली है। इस वक्त हम हिंदी पत्रकारिता दिवस के 197 आयोजन को करने जा रहे हैं। पत्रकारिता दिवस की बात हो और पत्रकारों को छोड़ दिया जाए तो दिवस की कोई मान्यता नहीं रह जाती है। पत्रकारों के अथक परिश्रम से पत्रकारिता जीवित है तो दूसरी ओर पत्रकारिता ही एक मंजे हुए पत्रकार की पहचान बन कर सामने आती रही है। वास्तव में देखा जाए तो पत्रकार समाज का आईना होते हैं। वे हमें सच्चाई से रूबरू कराते हैं और शासन- प्रशासन को व्यवस्था दुरुस्त करने के मार्ग में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं। अपनी 196 वर्ष की यात्रा में पत्रकारिता ने बहुत से उतार- चढ़ावों को देखा है। पत्रकारिता के मामले में हिंदी ने अपार बदलाव देखे हैं। कभी समाज की मार्गदर्शक बनने वाली हिंदी भाषा आज अपनी शुद्धता खोती नजर आ रही है। हिंदी भाषा में समाचार पत्रों का प्रकाशन करने वाले प्रकाशकों तथा सहयोगियों ने अपनी सहूलियत के हिसाब से दूसरी भाषाओं के साथ मिश्रण करते हुए हिंदी को विशुद्ध हिंदी नहीं रहने दिया है। समाचार पत्रों के एक पैराग्राफ के समाचार में हिंदी के साथ में अंग्रेजी की मिलावट अनिवार्य रूप से दिखाई पड़ने लगी है। यही कारण है कि हिंदी पत्रकारिता जो स्वतंत्रता से पूर्व अलग पहचान रखती थी, वह वर्तमान में कुछ कमजोर दिखाई पड़ रही है। इस संबंध में मेरे पाठकों को यह बता देना चाहता हूं कि भाषा को लेकर मेरे मन में कोई भी विरोधी बात नहीं उपजी रही है, बल्कि विचार विशेष रूप से हिंदी भाषा या हिंदी पत्रकारिता को लेकर उठ रहे हैं। हिंदी पत्रकारिता ने शुरुआत से ही आम से लेकर खास वर्गों का जाग्रत किया है।

# वैश्विक विचार-चितंन के पर्याय

**डॉ. नीरज भारद्वाज**

**विश्व** के नेता और बच्चा-बच्चा जब आपसे मिलने के लिए उत्सुक हो, आपको सुनना चाहता हो, आपके सम्मान में खड़ा आपका इंतजार कर रहे हों, वह व्यक्ति साधारण व्यक्तित्व का नहीं होता। उसके आदर्श महान होते हैं, उसके कार्य महान होते हैं, वह युग पुरूष होता है। जो विश्व के सुख-दुख, लाभ-हानि और कल्याण की भावना रखता हो, वह व्यक्ति देश का नहीं विश्व का होता है। वर्तमान भारतवर्ष के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भारतवर्ष की आन-बान-शान हैं। मोदी जी की लोकप्रियता और कार्यशैली ने विश्व के सभी नेताओं को पीछे छोड़ रखा है। कई वैश्विक सर्वे में इस बात को बता चुके हैं। मोदी जी विश्व मंच पर अपनी एक अलग ही छवि रखते हैं। मोदी जी जिस भी देश में जाते हैं, वहां की जनता और वहां रहने वाले भारतीय उनकी एक झलक पाने को लालायित रहते हैं। जिस भी विदेशी भूमि पर मोदी जी के पैर पड़ते हैं, लोग इन्हें सुनने-देखने को आतुर रहते हैं। उस देश में रह रहे भारतीयों का तो जनसैलाब उमड़ आता है, मोदी मोदी के नारे सुनाई देते हैं। मोदी जी ने विश्व मंच पर भारत का नाम बड़े स्तर पर अंकित कर दिया है। भारतवर्ष अब विश्व मंचों की अगुवाई करने वाला देश बन रहा है। आज वैश्विक राजनीतिक-आर्थिक-सामाजिक आदि बातों के साथ-साथ विकास और आपदाओं में भारतवर्ष का नाम सहयोग करने वाले देशों में दिखाई देता है। वैश्विक युद्ध रोकने की बात हो, शांति-समझौतों की बात हो, कोरोना महामारी में फ्री में वैक्सीन वितरण की बात हो, भूकंप के बाद देशों में आई तबाही में सहायता करने की बात हो, भारतवर्ष हर जगह अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। भारतवर्ष अपने आरंभिक दौर से ही विश्व कल्याण की भावना रखता रखा है। मोदी जी विश्वकल्याण और वसुधैव कुटुंबकम की बात को सार्थक रूप में प्रयोग करते नजर आते हैं। मोदी जी का जलवा हर तरफ बिखरा हुआ है। अभी मोदी जी, जी-7 देशों के समूह की बैठक के लिए विश्व के कई देशों के दौरे पर भी गए। इस दौरे के दौरान मोदी जी जिस भी देश में गए वहां इनका भव्य स्वागत और सम्मान हुआ। मोदी जी जब पापुआ न्यू गिनी पहुंचे तो उनके स्वागत में पहुंचे पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री श्री जेम्स मारापे उपस्थित रहे और पैर छूकर मोदी जी का स्वागत किया, उनसे आशीर्वाद लिया। यह दृश्य बहुत ही अद्भुत कहा जा सकता है। यह बात हर एक भारतीय को गर्व से गौरवान्वित कर देने वाली भी है। मोदी जी के सम्मान में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री श्री अल्बनीज जी ने तो मोदी को बॉस शब्द से संबोधित कर दिया। यह सभी भारतवर्ष के सम्मान और प्रतिष्ठा की बात है।

# अंतरिक्ष युद्ध की आहट और रणनीतिक सकपकाहट

**कमलेश पांडे**



**युद्ध** एक पाशविक प्रवृति है, जो मनुष्यों ने पशुओं के संसर्ग में आकर/रहकर सीखी है। हालांकि पशु तो महज भोजन के लिए एक-दूसरे पर आक्रमण करते हैं, लेकिन मनुष्य तो सिर्फ अपने अहंकार की संतुष्टि के लिए और कभी कभार गुटबंदी के लिए। इसलिए किसी भी संभावित युद्ध से बचने का बस एक ही उपाय है, वो यह कि खुद को इतना मजबूत/शक्तिशाली बना लिया जाए कि कोई हमला करने के बारे में सोच कर भी घबरा जाए। वाकई केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार भी पिछले 9 वर्षों से यही कर रही है, जिससे दुनिया का शक्ति-संतुलन गड़बड़ाने लगा है। यह सरकार अपने राष्ट्रीय हितों और वैश्विक जरूरतों के बारे में इतनी सजग है कि वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत व अकाट्य भारतीय सिद्धान्तों, जिससे गुटनिरपेक्षता भी ओत-प्रोत है, के आगे अमेरिकन लॉबी और रशियन लॉबी की एक नहीं चलने दे रही है। यहां पर अमेरिकन लॉबी का मतलब अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी जैसे नाटो देशों से है। जबकि रशियन लॉबी का मतलब रूस, चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्की जैसे सीटो देशों से है। वहीं, भारत तीसरी दुनिया के देशों को साधकर दुनिया के बहके हुए विकसित देशों के निरंकुश व्यक्तिगत और सामूहिक स्वार्थों को संतुलित करने की जद्दोजहद में जुटा हुआ है और अपने लक्ष्यों को धीरे धीरे ही सही, लेकिन दृढ़तापूर्वक प्राप्त कर रहा है। इन मसलों पर फ्रांस, इजरायल और जापान जैसे देश भारत की खुलकर मदद भी करते हैं। इन वार लव ट्रेंगल जैसे त्रिकोणीय युद्ध हालातों के बीच भले ही तीसरा विश्व युद्ध टलता जा रहा हो, लेकिन अमेरिकी गुट और रूसी गुट की वैश्विक बादशाहत को बनाये रखने के लिए जो छोटे-छोटे युद्ध हो रहे हैं, वो इस बात की चुगली कर रहे हैं कि प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध को झेल चुकी यह दुनिया आखिरकार कबतक तीसरा विश्व युद्ध टाल पाएगी। क्या प्रथम विश्व युद्ध के गोला बारूद, द्वितीय विश्व युद्ध के परमाणु बम की तरह तीसरे विश्व युद्ध में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कोई नया गुल खिलाएगी और इस बार जल, थल, नभ के अलावा अन्तरिक्ष में भी युद्ध होगा।

यदि अंतरिक्ष युद्ध की नौबत आई तो अमेरिका-ब्रिटेन गुट और रूस-चीन गुट की तरह क्या भारत को भी जापान/फ्रांस के साथ मिलकर कोई अंतरिक्ष गुट तैयार कर लेना चाहिए। ये सब बातें मैं इसलिए कर रहा हूँ, क्योंकि हाल ही में अमेरिकी सेना के एक अधिकारी ने कहा था कि अगर जरुरत पड़ी तो हम अंतरिक्ष में भी युद्ध करने के लिए तैयार हैं। आपकी याददाश्त ताजा करा दें कि रूसी और चीनी अधिकारी भी पूर्व में ऐसी धमकियां दे चुके हैं। यदि ऐसा हुआ तो जल, थल, नभ युद्ध से ज्यादा बबार्दी अंतरिक्ष युद्ध से होगी, क्योंकि सूचना तकनीक और सूचना क्रांति के सहारे तेजी से आगे बढ़ती हुई यह दुनिया सेटेलाइट गिरते ही अचानक ठहर जाएगी और सबकुछ अस्तव्यस्त हो जाएगा। इससे जनजीवन इतना प्रभावित होगा कि बिना मारे ही अन्य कारणों से लोग बर्बाद हो जाएंगे। भूख-प्यास-तनाव से मर जायेंगे। यदि उपर्युक्त अमेरिकी अधिकारी की बातों पर गौर करें तो उसने साफ बताया कि रूस के लगातार आक्रामक रवैये और चीन की अंतरिक्ष में ताकत बनने की महत्वाकांक्षा से अमेरिका सशंकित है और अपनी वैश्विक बादशाहत पर मंडराता खतरा देख वह किसी भी हद से गुजर सकता है।इतिहास साक्षी है कि जब जब राजाओं को अपनी गद्दी छिनने का खतरा होता था तो वो युद्ध का बिगुल फूंक देते थे। लोकतांत्रिक वाकयुद्ध और चुनावी साल में छिड़े सीमाई युद्ध की वजह भी प्रायः यही बताए जाते हैं। अमेरिका के अंतरिक्ष नियंत्रण में नीति, योजना और रणनीति विभाग में उपनिदेशक ब्रिगेडियर जनरल जे सी मोरहाउस पिछले हफ्ते यानी मई 2023 के तीसरे सप्ताह में दो देशों की अंतरिक्ष संचालन शिखर सम्मेलन 2023 में शिरकत करने लंदन पहुंचे थे। जहां ब्रिटेन और अमेरिका की अंतरिक्ष में संयुक्त क्षमताओं पर खुलकर चर्चा की गई थी। इसके बाद अमेरिकी दूतावास में मोरहाउस ने जो कुछ कहा, वह रूस-चीन के लिए स्पष्ट संकेत है कि अगर रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं थमा और फिर चीन-ताईवान युद्ध भड़का तो फिर अमेरिका वह कर सकता है, जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि हमें जरूरत पड़ी तो हम आज रात में भी अंतरिक्ष में युद्ध लड़ने के लिए तैयार हैं। अगर कोई भी देश अमेरिका को धमकाता है या हमसे सम्बन्ध रखने वाले अथवा हमारे साथ रक्षा सम्बन्धों पर समझौते कर चुके देशों को किसी तरह से परेशान करने की कोशिश करता है या उनके किसी हित में बाधा पहुँचाता है तो हम आज रात ही लड़ने को तैयार हैं। यदि आपको अन्तरिक्ष युद्ध की बरीकीपूर्वक समझ है तो यह अमेरिका का ऐसा मास्टर स्ट्रोक साबित होगा, जिससे रूस के दो मजबूत और करीबी देश चीन-भारत की अर्थव्यवस्था व जनजीवन तबाह हो जाएगा। फिर रूस के सामने हथियार डालने के अलावा कोई चारा भी नहीं बचेगा। इसलिए भारत को चाहिए कि वह अंतरिक्ष युद्ध के संभावित दुष्प्रभावों को रोकने के लिए एक मजबूत रणनीति बनाए। साथ ही, अमेरिका-रूस के बीच ऐसी नौबत न आने दे कि अमेरिका को एक बार फिर से अपना रौद्र रूप दिखाना पड़े, जैसा कि वह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 6 अगस्त 1945 को जापान के दो महत्वपूर्ण शहर हिरोशिमा और नागासाकी पर दो परमाणु बम गिराकर दे चुका है। वियतनाम, लीबिया, इराक पर अमेरिकी भूमिका जगजाहिर है। अफगानिस्तान-पाकिस्तान के बीच चले हिंसक दांवपेचों में भी वह बदनाम रहा है। ऐसे दुर्दांत देश को यूक्रेन में उसकी हद बताने के लिए रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन द्वारा किया जा रहा यौद्धिक प्रयत्न सराहनीय है, उन्हें प्रत्यक्ष/परोक्ष रूप से मिल रहा चीन-भारत का साथ भी दुनियावी संतुलन बनाए रखने के लिए उचित है। लेकिन अमेरिकी और नाटो की ताजा बौखलाहट किसी तीसरे विश्व युद्ध/अंतरिक्ष युद्ध का बीजारोपण न कर दे, इसके लिए कूटनीतिक और सामरिक दोनों प्रयास करने होंगे और अचानक सेटेलाइट ठप्प हो जाने के बाद भी भारतीय जनजीवन अप्रभावित रहे, इसके लिए ठोस उपाय करने में ही बुद्धिमानी ह

# कचरा प्रबंधन का राजनीतिक अर्थशास्त्र और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण

**कौशल किशोर**

**एक** ऐसे दौर में जब यूरोप और अमरीका में ब्लाइथ पेपिनो जैसी चर्चित महिलाओं ने जलवायु परिवर्तन के संकट से भविष्य की पीढ़ी को बचाने के लिए बर्थ स्ट्राइक शुरू किया है तो दूसरी ओर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) राज्यों में अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने का प्रयास करती। न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल के नेतृत्व वाली पीठ द्वारा बिहार सरकार को इसके लिए सुरक्षित खाते में 4000 करोड़ रुपये जमा करने को कहा गया। इससे नगरों की सीमा शुरू होते ही खड़े कूड़े के पहाड़ और सीवर लाइन बने नदी नालों को राहत मिल सकती है। परंतु क्या ग्रीन ट्रिब्यूनल के इस फरमान और ग्रीन एक्टिविस्ट के हड़ताल से पर्यावरण का संकट दूर हो जाएगा? ये इन दोनों की पड़ताल से ही पता चलेगा। मई के पहले सप्ताह में एनजीटी ने बिहार सरकार हेतु निर्देश जारी किया और दूसरे सप्ताह उत्तराखंड सरकार से दो सौ करोड़ रूपए इसी मद में अलग करने को कहा है। और ठीक इसी बीच बुडको (बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड) की ओर से एक स्पष्टीकरण भी दिया गया। इसका उद्देश्य स्थिति में सुधार के लिए लोगों का ध्यान आकर्षित करने तक सीमित नहीं है। बल्कि सुरक्षित खाते में धन जमा करने को जुमार्ना नहीं मानने की पैरवी है। सब जगह यह कोष राज्य के मुख्य सचिव के अधीन अपशिष्ट प्रबंधन के लिए नौकरशाही की सहमति से तय किया गया है। दरअसल इसे मीडिया रिपोर्ट्स में जुमार्ना (पेनल्टी) माना गया। सजा बनाम सहयोग की इस जंग में बुडको की सफाई से एनजीटी के निदेशों की व्याख्या हुई है। साथ ही बदलती हुई स्थिति का प्रमाण पत्र भी बाजार में है। हिमालयी प्रांत के बाबुओं ने शीघ्र ही इसके लिए सुरक्षित खाते में पैसे जमा करने की बात मान लिया। पिछले साल इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु 12000 करोड़ रुपए महाराष्ट्र सरकार के जिम्मे रहा। यह प्रक्रिया जारी है। एक के बाद एक राज्य निशाने पर हैं। एनजीटी स्वच्छ भारत मिशन का सपना साकार कर ही चैन की सांस लेगी। इसके लिए बेहतर कचरा प्रबंधन की सराहना की जा रही है।

सिक्किम, सूरत और इंदौर ही नहीं बल्कि तेलंगाना का सूयार्पेट और तमिलनाडु का नामक्कल भी इस सूची में शामिल है। बिहार से जुड़े इस फैसले में जस्टिस गोयल की पीठ ने नामक्कल और सूयार्पेट का जिक्र कर जुमार्ना के समर्थन में आधार खड़ा किया है। कचरा प्रबंधन के मामले में राज्यों की दशा सुधारने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट ने 2014 और 2017 में ग्रीन ट्रिब्यूनल से कहा था। बिहार की निगरानी से जुड़े मामले में प्रदेश की ओर से मुख्य सचिव अमीर सुबहानी, शहरी विकास और आवास विभाग के सचिव अरुणिश चावला और बुडको के प्रबंध निदेशक, धर्मेंद्र सिंह जैसे अधिकारी शामिल होते हैं। कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक न्यूनतम राशि को अलग करने से सीवर लाइन का विकास तेजी से होगा। जाहिर है कि यह व्यवस्था नगर निगम ही नहीं बल्कि राज्य सरकार की भी छुट्टी कर देती है। बाबुओं ने झटके में बड़ी सफलता अर्जित कर लिया है। ठोस हो अथवा तरल। कचरा कोई भी हो। अब जिम्मेदारी बाबुओं की हुई। यह उत्तर प्रदेश के उस विभागीय मंत्री की पीड़ा याद करने को विवश करता है, जिनकी गाड़ी में जल निगम के बाबुओं की मेहरबानी बिना तेल तक नहीं डाला जाता था। सही मायनों में यह कोई दंड नहीं है। किसी लोक सेवक के स्थानांतरण की तरह कभी सजा साबित होने वाला वरदान भी नहीं है। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में यह चुने हुए जन प्रतिनिधियों की ऐतिहासिक फजीहत है। हाकिमों और बाबुओं का सामना करते हुए चुनी हुई सरकारें हांफ रही हैं। यह दिल्ली सरकार के मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश को पलटने वाले अध्यादेश से बीच की खाई भी छिपी नहीं रहती। हैरत होती है कि नौकरशाही की महान उपलब्धि को सजा के तौर पर पेश किया जा रहा है। पोल्ट्री फार्म के लिए विख्यात नामक्कल में भारत में इस्तेमाल किए जाने वाले प्रत्येक दस सीएनजी टैंकों में से छह का उत्पादन होता है। राज्य और केंद्र की मदद के बगैर अपने कचरे के कुशल प्रबंधन की वजह से कुल पचास हजार लोगों का यह शहर चर्चा में है। तेलंगाना की सूर्यपेट नगर पालिका में प्लास्टिक कचरे से बनी ईंट से सड़क का निर्माण हो रहा है। प्लास्टिक कचरे की यह अप-साइक्लिंग है।

ऐसी व्यवस्था न होने और अपने उचित स्थान से हटने का नाम कचरा होना होता है। ठोस अपशिष्ट और सीवर के प्रबंधन में प्रयोग की जाने वाली तकनीकी का इस्तेमाल कर दक्षिणी छोर पर स्थित इन शहरों का काम सराहनीय है। इसे मॉडल मान कर कूड़े कचरे का प्रबंधन करने की पैरवी ग्रीन ट्रिब्यूनल कर रही है। निश्चय ही यह असर डालता है पर जड़ में मौजूद दोष को दूर नहीं करता। अलबत्ता इसे ढकने में कोई कसर शेष नहीं रखता। तकनीकी की आधुनिक सभ्यता ने मिश्रित (कॉम्प्लेक्स) सिस्टम के नाम पर ये जटिल (कॉम्प्लिकेटेड) व्यवस्था थोंप दी है। इसमें सीवर लाइन का जंजाल व ट्रीटमेंट प्लांट का व्यापार विकसित होता। धरती को मां मान कर पूजाने वालों को पता नहीं चला और धरती दूषित भी हो गई। गंगा जल की पवित्रता के नाम पर कसमे-वादे गाने वाले देखते रह गए और नदी-नाले सीवर लाइन में तब्दील हो गए। सफाई का यह व्यापार स्वस्थ धरती और स्वच्छ जल को रुग्ण कर डालती है। इस व्यवस्था से धरती माता की संतानों की आत्म चेतना पर आघात पड़ा। इस रोग के इलाज के बगैर भारत माता की आराधना और राष्ट्रवाद का परचम लहराने काम अधूरा ही रहेगा। सृष्टि सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन के थिंक टैंक्स इस दोष निवारण की दशा में सच्चाई को स्वीकार कर 'प्रयास' के प्रणेता शिव रत्न अग्रवाल जैसे मनीषियों की बात मानने की पैरवी करते हैं।

उन्होंने छोटे-बड़े आकार के ऐसे एसटीपी बनाए, जो सीवर लाइन का व्यापार कम कर धरती एवं जल के प्रदूषण निवारण में मदद करती है। यह अपशिष्ट ढोने के बदले इसके शोधन की व्यवस्था सृजन स्थल के पास ही करती है। घरेलू और औद्योगिक सेक्टर के ठोस और तरल अपशिष्ट के प्रबंधन का उनका प्रयोग बेहतर है। सृष्टि के अध्यक्ष सीए सुखविंदर सिंह ऑटोमोबाइल सेक्टर और तेल के खेल से इसके राजनीतिक अर्थशास्त्र की तुलना करते हैं। साथ ही हाइड्रोजन सेल और इलेक्ट्रिक कार की तरह सीवर लाईन और ट्रीटमेंट प्लांट के व्यापार में परिवर्तन की संभावना भी व्यक्त करते हैं। अनेक लोगों के साथ सहमति से संबंधों के लिए चर्चित ब्रिटिश पॉप स्टार पेपिनो बर्थ स्ट्राइक से एक्सटिंक्शन रिबिलियन नामक समूह की प्रवक्ता साबित होती हैं। कोख से जन्म देने के मामले में हड़ताल का समर्थन उन्हें बड़ी सामाजिक कार्यकर्ता बनाती है। जनसंख्या वृद्धि को रोकने की इस मुहिम से जलवायु परिवर्तन के संबंध को खारिज करने वाले भी उनके खिलाफ मैदान में हैं, जो इसके लिए जिम्मेदार मुट्ठी भर लोगों को बचाने का ही अभियान इसे मानते हैं।

जनता की नब्ज पर सही पकड़ का दावा करने के बदले जन प्रतिनिधियों को अपनी सिकुड़ती जमीन पुनः प्राप्त करना होगा। सहकारिता और तकनीकी के योग से गांव और मोहल्ले के अनुकूल मॉडल विकसित करना चाहिए। इसके लिए लोकशक्ति का जागरण भी आवश्यक है। धरती माता के संतानों की रक्षा इसके बिना संभव नहीं है। इस समस्या को दूर करने में एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस गोयल ही नहीं, केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह और दूसरे नायक भी अहम योगदान दे सकते हैं।

# रतन टाटा जैसे ही हैं ए.एम.नाईक

**आर.के. सिन्हा**

**मीडिया** की सुर्खियों से दूर रहकर चुपचाप राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले कई दिग्गजों को लेकर देश-समाज लगभग अनभिज्ञ सा ही रहता है। उनमें ही ए.एम.नाईक भी हैं। उनकी सरपरस्ती में लार्सन एंड टुब्रो कंपनी (एलएंडटी) देश के कोने झकोने में सड़क, पुल और दूसरे तमाम बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्टों पर काम कर रही है। इसी ने आगामी सितंबर महीने में राजधानी में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रगति मैदान को नए सिरे से नये खूबसूरत कलेवर में विकसित किया है। यहाँ ही बने कनवेंशन सेंटर में ही शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है, जिसमें 20 देश के राष्ट्राध्यक्ष भी भाग लेंगे। ये सारा काम नाईक जी की देखरेख में ही पूरा हुआ। बीते कुछ समय पहले घोषणा की गई नाईक 30 सितंबर 2023 के बाद एलएंडटी समूह के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष का पद भी छोड़ देंगे। इसके बाद वे एलएंडटी के मात्र मानद अध्यक्ष के रूप में ही कामों को देखेंगे। रतन टाटा और शिव नाडार भी अब टाटा ग्रुप तथा एचसीएल टेक्नोलॉजीज के मानद अध्यक्ष ही हैं। आप जानते हैं कि मानद अध्यक्ष के अनुभव का लाभ कंपनियां तो उठाती हैं। रतन टाटा ने 2017 में टाटा समूह के चेयरमेन पद को छोड़ दिया था। वे तब से टाटा समूह के मानद अध्यक्ष हैं। वे रोजमर्रा के कामकाज से तो अपने को अलग कर चुके हैं। पर अभी भी टाटा समूह अपने अहम फैसले लेते हुए उनके अनुभव का लाभ तो उठाता है। अनुभव का कोई विकल्प भी नहीं होता है। टाटा समूह ने एयर इंडिया का अधिग्रहण कर लिया। माना जाता है कि रतन टाटा भी चाहते थे उनका समूह एयर इंडिया का अधिग्रहण कर ले। आखिर एयर इंडिया पहले टाटा समूह के पास ही थी। इसलिए टाटा समूह एयर इंडिया को लेकर भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ भी था। दरअसल नाईक उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, एलएंडटी ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, नाईक भारत के कोरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे। नाईक उनमें से नहीं थे जो अपनी कुर्सी से चिपके रहना पसंद करते थे। उन्होंने वक्त रहते ही एलएंडटी में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। ये तो सबको पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है।

उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े कइसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमेन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले। बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटर या संरक्षक के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमेन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं। अगर नाईक के करियर पर नजर दौड़ाएं तो वे 1965 में एलएंडटी में एक जूनियर इंजीनियर के रूप में शामिल हुए। नाईक ने तेजी से बढ़ती जिम्मेदारी के पदों पर कदम रखा। वे महाप्रबंधक से प्रबंध निदेशक और सीईओ भी बन गए। उन्हें एलएंडटी का 29 दिसंबर, 2003 को अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बनाया गया। वे 2012 से 2017 तक एलएंडटी के समूह कार्यकारी अध्यक्ष थे। अक्टूबर 2017 में, उन्होंने कार्यकारी जिम्मेदारियों से अलग हटकर समूह अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उन्हीं के प्रयासों से एलएंडटी ने मिसाइलों और हथियार प्रणालियों के डिजाइन, विकास और निर्माण में नेतृत्व की स्थिति संभाली और रक्षा अनुसंधान एवं विकास और अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई।

# धर्मार्थ के लिए जीवन बलिदान करने वाले-गुरु अर्जुनदेव

**अशोक**

**अपना** जीवन धर्म और लोगों की सेवा में बलिदान कर देने वाले सिखों के पंचम गुरु गुरु अर्जुन देव का बलिदान दिवस इस वर्ष 2023 में 1 जून को है। सभी धर्मों को एक समान दृष्टि से देखने वाले अर्जुन देव दिन रात संगत और सेवा में लगे रहते थे। गुरु परम्परा का पालन करते हुए कभी भी गलत चीजों के आगे नहीं झुकने वाले गुरु अर्जुन देवने शरणागत की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान कर देना स्वीकार किया, लेकिन मुगलशासक जहांगीर के आगे झुके नहीं। वे हमेशा मानव सेवा के पक्षधर रहे। सिख धर्म में वे सच्चे बलिदानी थे। उनसे ही सिख धर्म में बलिदान की परंपरा का आगाज हुआ। गुरु ग्रंथ साहिब के सृजक व पंचम गुरु गुरु अर्जुन देव का जन्म पंजाब के गोइंदवाल में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी 162 तदनुसार 15 अप्रैल 1563 में हुआ था। वे गुरु रामदास और माता बीवी भानी के पुत्र थे। उनके पिता गुरु रामदास स्वयं सिखों के चौथे गुरु थे, जबकि उनके नाना गुरु अमरदास सिखों के तीसरे गुरु थे। गुरु अर्जुन देव का बचपन गुरु अमरदास की देख- रेख में बीता था। इन्होंने गुरमत की शिक्षक संघ 1581 ने अपने नाना गुरु अमरदास से ली थी।उन्होंने ही अर्जुन देव को गुरमुखी की शिक्षा दी। वर्ष1579 में उनका विवाह माता गंगा के साथ हुआ था। दोनों का एक पुत्र हुआ- हरगोविंद सिंह, जो बाद में सिखों के छठवें गुरु बने।नाना गुरु अमरदास सिखों के तीसरे गुरु थे। गुरु अर्जुन देव ने अपने जीवन काल में गरीबों की सेवा की और दान पेटी में मिलने वाले पैसों को परोपकार के खर्च में किए ।सन 1597 में लाहौर में अकाल पड़ने पर कई लोग बीमार हो गए।उस दौरान गुरु जी ने लोगों की खूब सेवा की। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब का संपादन भाई गुरदास के सहयोग से किया था। उन्होंने रागों के आधार पर गुरु वाणियों का वर्गीकरण भी किया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब में स्वयं गुरु अर्जुन देव के हजारों शब्द हैं।

इस पवित्र ग्रंथ में भक्त कबीर, बाबा फरीद, संत नामदेव, संत रविदास जैसे अन्य संत-महात्माओं के भी शब्द हैं।ग्रंथ साहिब की संपादन कला अद्वितीय है, जिसमें गुरु जी की विद्वत्ता झलकती है। उन्होंने रागों के आधार पर ग्रंथ साहिब में संकलित वाणियों का जो वर्गीकरण किया है, उसकी मिसाल मध्यकालीन धार्मिक ग्रंथों में दुर्लभ है। यह उनकी सूझबूझ का ही प्रमाण है कि ग्रंथ साहिब में छतीस महान वाणीकारोंकी वाणियां बिना किसी भेद- भाव के संकलित हुईं।

## एक जून को टाउन हाल में होगा पीएम स्वनिधि महोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी/परियोजना निदेशक जिला नगरीय विकास अभिकरण कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मिशन निदेशक राज्य शहरी आजीविका मिशन उप्र के निर्देशों के क्रम में एक जून को पीएम स्वनिधि महोत्सव टाउन हॉल कर्वी में होगा।

बुधवार को उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाएं। पीएम स्वनिधि योजना से लाभान्वित वेंडर्स से कहा कि अधिक से अधिक कार्यशाला में हिस्सा लें। शहर के जो भी लाभार्थी पीएम स्वनिधि योजना का लाभ चाहते हैं, वह लोग अधिक से अधिक टाउन हाल कर्वी में स्वनिधि महोत्सव में आकर लाभ प्राप्त करें।

## 15 से 18 तक गोरखपुर में होगी प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चित्रकूट धाम मंडल विजय कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय खेल कार्यालय गोरखपुर 15 से 18 जून तक प्रदेश स्तरीय बालक जूनियर बाक्सिंग प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम गोरखपुर में होगा। चित्रकूट धाम मंडल की जूनियर बाक्सिंग टीम बालकों के हिस्सा लेने को भेजी जाएगी।

बुधवार को उन्होंने बताया कि 12 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला स्तरीय ट्रायल, 14 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से मंडल स्तरीय ट्रायल चित्रकूट धाम मंडल में होगा। जिन बालकों की आयु एक जनवरी 2007 से 31 दिसंबर 2008 के बीच हो, वह भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी को जिले के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। चित्रकूट धाम मंडल व जिला ट्रायल अंगद सिंह, श्याम सुंदर यादव, श्री कृष्ण निर्धारित तिथियों में करायेंगे।

## 15 जून तक मत्स्य योजना का लाभ लेने को करें आवेदन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि मत्स्य विभाग से संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष, मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड, मछुआ दुर्घटना बीमा व विभिन्न मात्स्कीय परियोजनाओं का लाभ लेने को आनॅलाइन आवेदन पाने को विभागीय पोर्टल में 30 मई से 15 जून तक आवेदन करें। योजना से सम्बन्धित ज्यादा जानकारी को कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य कालूपुर पाही से प्राप्त कर सकते हैं।

## दो के कब्जे से शराब बरामद, दो वांछित दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी व 15 लीटर महुआ शराब बरामद की है। बुधवार को भरतकूप थाने के वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने श्रवण कुमार सिंह उर्फ चुन्नू सिंह पुत्र स्व जगस्वरुप निवासी पहाडिया बुजुर्ग सानी को 20 क्वार्टर देशी शराब समेत दबोचा। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही अंकित राजपूत, शिवम मिश्रा शामिल रहे।

इसी क्रम में सीतापुर चैकी के दरोगा शौकत खां की टीम ने बच्चालाल पुत्र रामबहोरी निवासी मलकाना के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा शौकत खां, सिपाही अतुल परिहार, अभिषेक यादव शामिल रहे।

मऊ थाने के दरोगा विजय बहादुर यादव की टीम ने छेडछाड व पाक्सो एक्ट के वांछित विद्या उर्फ अमरदीप पुत्र लोलवा निषाद निवासी मैदाना को गिरफ्तार किया है। राजापुर थाने के दरोगा कृष्णा देव मिश्रा की टीम ने वारंटी अगुन पुत्र स्व लुलता निवासी भंभेट को गिरफ्तार किया है।

## अवैध निर्माण रोकने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तहसील कर्वी मऊ ब के निवासी शिव कुमार पुत्र रामपाल ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि गांव में आंगनबाड़ी केंद्र के सामने सार्वजनिक शासकीय जमीन पर बच्चू पुत्र गिल्ला निवासी मऊ ब ने प्रधान की मिलीभगत से अवैध ढंग से कब्जाकर मकान बनवा रहा है। सार्वजनिक जमीन पर कब्जाकर मकान बनने से आंगनबाड़ी केंद्र के आवागमन का रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। जिलाधिकारी से तत्काल अवैध निर्माण को रोकने की मांग की है।

## किसान सम्मान निधि पाने को करें आवेदन: डीएम, डीडीए कृषि को प्रचार के दिये निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना कृषक संतृप्तीकरण अभियान की समीक्षा की। अभियान के तहत शिकायतों के निस्तारण की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी जताई। उप कृषि निदेशक राजकुमार को सभी शिकायतों के निस्तारण को निर्देश दिये। कैम्प का प्रचार-प्रसार कराये, ताकि अधिक से अधिक किसान कैम्प में आकर शिकायतों का निस्तारण करा सकें।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए मौजूद जिला प्रबन्धक सीएससी अमित यादव को निर्देश दिए कि कैम्प में शत-प्रतिशत वीएलई की हाजिरी सुनिश्चित कराते हुए कैम्प में आये सभी किसानों की ई-केवाईसी एवं नये किसानों का पंजीयन शत-प्रतिशत करायें। इण्डियन पोस्ट पेमेंट के केके वर्मा सहायक डाक अधीक्षक कर्वी को निर्देश दिए कि जिन किसानों का एनपीसीआई से आधार लिंक नहीं है, उन किसानों का खाता खोलकर आधार फीडिंग का कार्य पूरा करायें। दौ सौ रुपये में इण्डियन पोस्ट पेमेंट खाते खोले जायेंगे।

उन्होंने उप कृषि निदेशक राजकुमार को निर्देश दिए कि कैम्प में शत-प्रतिशत विभागों के कर्मचारियों की हाजिरी करायी जाये, ताकि शत-प्रतिशत पात्र किसानों को पीएम किसान योजना का लाभ दिया जा सके। किसानों को बतायें कि जिन किसानों की ई-केवाईसी नहीं होगी, उन किसानों को पीएम किसान की 14वीं किश्त नहीं मिलेगी। जिलाधिकारी ने किसान भाइयों से अपील किया है कि कृषि विभाग से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जो शिविर गांव में लगाए जा रहे हैं। उसमें पहुंचकर आधार फीडिंग, ई-केवाईसी, बैंक खाता गलत हो तो डाकघरों में नया खाता खोलने, जिन किसानों को सम्मान निधि नहीं मिल रही, वह अपने आवेदन भरवाए, ताकि पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल सके। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम राम जन्म यादव, एएसडीम सना अख्तर मंसूरी मौजूद रहे।

# सेन समाज बेटियों की शादी में खर्च होने वाले रुपये करे फिक्सः प्रवीण सेन

## सेन समाज का सामूहिक विवाह सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सेन समाज सामूहिक आदर्श विवाह समिति ने विवाह सम्मेलन में आशीष सेन खड़ौरा निधि सेन माडल हाउस, अखिलेश सेन चोरमारी रश्मि सेन अहिरवार, मोहित सेन झरी मझगवां प्रीति सेन मधुवन गाड़ा उप्र विवाह बंधन में बंधे।

बुधवार को विवाह सम्मेलन में विधायक सतना सिद्धार्थ कुशवाहा ने कहा कि सेन समाज अन्य समाजों की अपेक्षा ज्यादा सक्रिय है। साल मे तीन-चार कार्यक्रम मे शामिल होते हैं। इतना सक्रिय समाज राजनीतिक क्षेत्र में पिछड़ा है। एक नेतृत्व स्वीकार कर राजनीतिक भागीदारी करनी चाहिए। रैगांव विधायक कल्पना वर्मा ने कहा कि सेन महाराज से कामना करती हूं कि समाज की सेवा निरंतर लगी रहूं। जहां जरूरत हो वह सदैव खड़ी मिलेंगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह ने कहा कि ईश्वर से कामना करती हूं कि समाज सफलता की ऊंचाइयों को छूता रहे। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष डा रश्मि सिंह ने कहा कि राजनीति में जब से सक्रिय हूं, तब से निरंतर सेन समाज की अतिथि बनकर आती रही हूं। सेन समाज के स्नेह की वह सदैव ऋणी रहेंगी।



सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सेन ने कहा कि विवाह सम्मेलन से गरीब बेटी की शादी होगी, जो पूर्णतया असत्य है। जो पिता अपनी पुत्री की शादी 5-10 लाख रुपये खर्च करता है, वह सम्मेलन से शादी करके अपनी बेटी के नाम 5-10 लाख रुपये डिपाजिट कर दे तो नव दम्पति को आर्थिक तंगी से नहीं जूझना पड़ेगा। ससुराल मे बेटी एक अलग स्वाभिमान के साथ प्रवेश करेगी।

सम्मेलन को राजनीतिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव शोभनाथ सेन, संस्थापक रमेश सेन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य किरण सेन, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष उपेन्द्र सेन, युवा प्रदेश अध्यक्ष राजाराम सेन, छतरपुर राजाराम सेन, उप्र प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सेन, संभागीय अध्यक्ष ब्रजेश सेन, जिलाध्यक्ष रामाधार सेन ने भी सम्बोधित किया। संचालन राजेश सेन ने किया। सम्मेलन मे खासतौर पर स्वामीदीन सेन बड़ा मलहरा, समयलाल सेन, खुशीलाल सेन, स्वामीलाल सेन, राजू सेन बरदाडीह, रामपुर से रामपाल चोरमारी, मैहर से आरबी सेन, मुकेश सेन, रोहणी सेन, अमर पाटन से उमेश सेन एड, ब्रजेश सेन, नागोद से रामचरित सेन, कामता सेन, सुरेश सेन आदि मौजूद रहे।

# 15 जून से होगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा, केन्द्र निर्धारित

## मानकविहीन कार्यों का हुआ भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2023-25 में प्रवेश को संयुक्त प्रवेश परीक्षा 15 जून को सुचारू ढंग से कराने को परीक्षा केंद्रों के निर्धारण बाबत बैठक की।



बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2023-25 में प्रवेश को संयुक्त प्रवेश परीक्षा 15 जून को परीक्षा केंद्र गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ीपुलिया, चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी एवं गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी में कराने को परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी से जिला समन्वयक नोडल प्रो एस कुरील एवं उप नोडल अधिकारी उप्र संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा प्रो विनय कुमार चैधरी बनाये गये हैं। सभी परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, प्रश्न पत्रों के रखरखाव आदि की व्यवस्था है। परीक्षा में सभी केंद्रों पर चार-चार सौ कुल 1600 परीक्षार्थी शामिल होंगे। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। प्रथम पाली सवेरे नौ से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह दो से पांच बजे तक होगी। जिलाधिकारी ने एडीएम कुंवर बहादुर सिंह को निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केंद्रों में स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल तथा प्रश्नपत्र लाने ले जाने को पर्याप्त पुलिस बल एवं परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था कराई जाये। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम रामजन्म यादव, एएसडीएम सना अख्तर मंसूरी, डीआईओएस देवेंद्र स्वरूप, चित्रकूट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चैहान, ऋषि कुमार शुक्ला, गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज कर्वी के प्रधानाचार्य सीताराम सिंह, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार पाल, जिला समन्वयक नोडल प्रो एस कुरील, नोडल अधिकारी प्रो विनय कुमार चैधरी समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्राफिक चौराहा अब होगा धनुष चौराहा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तमाम संगठनों एवं दलों की मांगों को जिला प्रशासन ने दरकिनार कर ट्राफिक चैराहे पर धनुष बाण स्थापित कर दिया है। अब ट्राफिक चैराहे को धनुष चैराहा के रूप में जाना जायेगा।




बुधवार को जिला प्रशासन ने ट्राफिक चैराहे पर धनुष बाण स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इससे पहले तमाम दल एवं संगठन विभिन्न मूर्तियों की स्थापना की मांग कर रहे थे। जिला प्रशासन ने सभी लोगों की मांगों को दरकिनार कर ट्राफिक चैराह पर धनुष बाण स्थापित कर दिया है। अब ट्राफिक चैराहे के नामकरण की प्रक्रिया पर विराम लग गया है। ट्राफिक चैराहे पर दिव्य धनुष बाण की स्थापना हो रही है। ऐसे में ये चैराहा अब धनुष चैराहा के रुप में जाना जायेगा। ट्राफिक चैराहे के विकास और सुन्दरीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। जल्द ही इस चैराहे का नामकरण और लोकार्पण धनुष चैराहे के रुप में होगा, जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

# लालापुर बाल्मीकि आश्रम के सभी कार्य 30 जून तक करें पूरा

## शासन की मंशानुसार गुणवत्ता का दें ध्यान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बाल्मीकि आश्रम लालापुर के पर्यटन विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर गेट निर्माण, रैम्प, सीढियों का निर्माण, छाया को छतरी, लाइटिंग, बस स्टैंड, शौचालय एवं महर्षि बाल्मीकि की मूर्ति स्थापना आदि देखे।



बुधवार को जिलाधिकारी ने वन क्षेत्राधिकारी रैपुरा को निर्देश दिए की बस स्टैंड व शौचालय निर्माण को चिन्हित जगह पर लेआउट बनाकर कार्यदाई संस्था को दें, ताकि निर्माण कार्य शुरू हो सके। कार्यदाई संस्था से कहा कि रोपवे का सर्वे करके कार्य शुरू कराए। प्रभागीय वनाधिकारी तथा पर्यटन अधिकारी से कहा कि बाल्मीकि नदी पर घाट का निर्माण कराने का प्रस्ताव बनायें। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि बाल्मीकि आश्रम लालापुर के जो भी पर्यटन विकास कार्य हो रहे हैं, प्रत्येक दशा में 30 जून तक पूरा करायें। शासन की मंशानुसार गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए।

निरीक्षण में एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# गैंगेस्टर के नौ अपराधियों को पांच-पांच साल की सजा

## दस-दस हजार रुपये का जुमार्ना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में चल रहे वादों में अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी नागेन्द्र कुमार नागर व पैरोकार अशोक यादव ने गवाहों की समय से पैरवी कर नौ गैंगेस्टर आरोपियों को पांच-पांच वर्ष का कारावास व दस-दस हजार रुपये जुमार्ना से दंडित कराया है।

बुधवार को पुलिस की पैरवी से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय एएसजे/विशेष न्यायधीश गैंगेस्टर एक्ट सुशील कुमार वर्मा ने पहाड़ी थाने में दर्ज गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी राजकरन उर्फ राजा पुत्र बृजमोहन सिंह, रामकृष्ण सिंह पुत्र शिवराखन सिंह, विनोद सिंह उर्फ बच्चा सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी कहेटामाफी, रामनरेश सिंह उर्फ लव सिंह पुत्र बासुदेव पटेल, काशी प्रसाद पटेल पुत्र बृजलाल सिंह, विद्या लोध पुत्र शिवपूजन, राजा उर्फ रामराज पुत्र वीरेन्द्र त्रिपाठी, राजकरन पुत्र रामखेलावन, रुद्रदेव सिंह उर्फ लाला सिंह पुत्र शत्रुध्न सिंह निवासी परसौंजा को पांच-पांच वर्ष के कारावास व दस-दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित कराया।

उल्लेखनीय है कि आठ सितम्बर 2014 को पहाड़ी थाने में इन आरोपियों के खिलाफ संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ पाने को जघन्य अपराध कारित करने पर गैंगेस्टर एक्ट दर्ज हुआ था। तत्कालीन विवेचक ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

## दो दरोगाओं को एसपी ने दी भावभीनी विदाई



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस विभाग में सेवा पूरी करने वाले दरोगा संतराम यादव व दरोगा देवनारायण तिवारी के विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने सेवानिवृत हुए दरोगाओं को माला व शॉल पहनाकर प्रशस्ति पत्र देकर भावभीनी विदाई दी।

बुधवार को सेवानिवृत हुए दरोगाओं एवं परिजनों आदि मौजूद लोगों को नास्ता करवाकर मुंह मीठा किया। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत हुए उपनिरीक्षकों से कहा कि घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निरंतर व्यायाम करते रहे। अपने जीवन के अमूल्य 41 वर्ष पुलिस विभाग को दिये हैं। पुलिस विभाग की ओर से सेवानिवृत दरोगाओं के सुखद जीवन एवं परिवार की तरक्की की कामना करती हैं।

विदाई समारोह में सीओ यातायात/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ एलआईयू अनुज कुमार मिश्र, सीओ कार्यालय एसपी सोनकर, प्रभारी क्राइम ब्रांच राजेश द्विवेदी, वरिष्ठ निरीक्षक गिरेन्द्र सिंह, प्रभारी सोशल मीडिया सेल विजय सिंह, प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती रीता सिंह, वाचक पारितोष दीक्षित, प्रधान लिपिक अनुज पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## भरतकूप पुलिस ने दो डम्फर-एक टैज्क्टर किया सीज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर ओवरलोड/अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द ने वाहन जांच दौरान बालू लदे ओवरलोड दो डम्फर सीज किये। बिना रवन्ना बालू लदे एक टैज्क्टर ट्राली को एमबी एक्ट के तहत सीज किया। सीज वाहनों की बाबत खनिज अधिकारी, परिवहन अधिकारी एवं वाणिज्य कर विभाग को आख्या भेजी है।

## नयागांव सीएमओ की लापरवाही से नदी में हो रही मौतें, डीएम से बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष ने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नयागांव नगर पंचायत की लापरवाही से एक युवक की रामघाट में डूबने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक को मरणासन्न स्थिति में नदी से बाहर निकाला गया। कई अन्य लोग चोटहिल हुए। विभाग की हथधर्मिता है कि थमने का नाम नहीं ले रही।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि गंगा दशहरा पर लाखों लोग रामघाट में मन्दाकिनी नदी में डुबकी लगाने आते हैं। नयागांव नगर पंचायत के सीएमओ ने जानबूझकर रपटा के फाटक खोल दिए। इससे घटनाएं हुई। फाटक खुलने से नदी का जल स्तर सीढ़ियों से दूर हो गया। डुबकी लगाने के चक्कर में कई गहराई में चले गए और उनकी मौत हो गई। यकायक सीढ़ियों का पानी कम होने से सीढ़ियों में फिसलन हो गई। जिससे कई लोग चोटहिल हो गये। एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई, जबकि एक युवक को मरणासन्न हालत में नाविकों ने नदी से बाहर निकाला। इन घटनाओं का सीधे-सीधे अगर कोई दोषी है तो वह सीएमओ नयागांव है। आलम ये है कि हठधर्मिता की सारी हदें पार करते हुए आए दिन रपटा के फाटक खोल दिए जाते हैं, जबकि इन फाटकों को केवल बारिश के समय ही खोलने का प्रावधान है। अब फाटक और नदी जैसे सीएमओ की जागीर बन गई है। जब चाहे फाटक खोलकर नदी का पानी बहा दिया जाता है। ऐसी निरंकुशता नहीं रुकी तो भविष्य में भी ऐसी घटनाओ की पुनरावृत्ती होगी। यूपी के अधिकारी भी सीएमओ की कार्यशैली के समक्ष खुद को बेबस पाते हैं। सिंचाई विभाग लगातार आपत्ति करता है कि फाटक खोलते समय उन्हें सूचना नहीं दी जाती। पर्यटन अधिकारी कहते हैं कि अचानक फाटक खुलने से लेजर शो का संचालन ठप्प हो जाता है। रोज-रोज फाटक खुलने से वह भी हैरान और परेशान ह। अचानक फाटक खुलने जल स्तर कम होने से सैकड़ों नाविक भी ठगा सा महसूस करने लगते हैं। उनकी रोजी रोटी में भी सीधा असर होता है, लेकिन नयागांव नगर पंचायत के सीएमओ मनमानी पर उतारु हैं। अजीत सिंह ने सतना कलेक्टर और जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से इस समस्या के निराकरण और फाटक खोलने और बंद करने पर कठोर नियम बनवाने की मांग की है।

## मेडिकल कॉलेज की स्टॉफ नर्स के पति की लाश मिली

**मेरठ।** छह दिन से लापता एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज की स्टॉफ नर्स के पति का शव नर्सिंग विभाग के पास मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है। मुजफ्फरनगर जनपद के रुकनपुर गांव निवासी विजय कुमार एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज परिसर में बने आवास में पत्नी पारुल के साथ रहता थे। विजय एक निजी अस्पताल में काम करते थे और उनकी पत्नी पारुल मेडिकल कॉलेज में स्टाफ नर्स है। 25 मई को विजय घर से किसी काम के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बाद भी विजय का कुछ पता नहीं चला तो 27 मई को पारुल ने मेडिकल थाने में विजय की गुमशुदगी दर्ज करा दी।

## प्रधानमंत्री प्रचंड ने किया दरबार नरसंहार की जांच का ऐलान

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने ऐलान किया है कि 22 साल पहले हुए दरबार नरसंहार की जांच की जाएगी। मंगलवार को काठमांडू में सीपीएन (माओवादी सेंटर) के पार्टी कार्यालय में उन्होंने यह ऐलान किया। प्रचंड का कहना है कि दरबार हत्याकांड का सच सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि देश में हुई पिछ्ली बड़ी हत्याओं की भी जांच की जाएगी। 1 जून, 2001 को नेपाल के नारायणहिटी दरबार में



नरसंहार हुआ था। इस नरसंहार में तत्कालीन राजा वीरेंद्र शाह, रानी ऐश्वर्या और परिवार के सभी सदस्य मारे गए थे। इस घटना में कुल 9 लोगों की मौत हुई थी। घटना की जांच के लिए बनी कमेटी ने रिपोर्ट पेश की थी कि तत्कालीन युवराज दीपेंद्र ने अपने माता-पिता समेत 8 लोगों की हत्या कर खुदकुशी कर ली थी। नेपाली जनता इस रिपोर्ट पर शक करती रही है।

## यूएन की रिपोर्ट में दावाः मौजूदा संकट कुछ भी नहीं, पाकिस्तान में आने वाले महीनों में और बढ़ेगी खाद्य असुरक्षा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आर्थिक संकट के साथ सियासी संकट भी गहराता जा रहा है। हालांकि, इसकी सबसे ज्यादा मार देश के गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ रही है। आलम यह है कि पाकिस्तान में आए दिन आटे की बोरियों और राशन के लिए लोगों को लड़ते और मारपीट करते देखा गया है। वहीं, रोजमर्रा की जरूरत की कई अहम चीजों के दाम अन्य देशों से कई गुना ज्यादा हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट ने पाकिस्तान को लेकर चिंता और बढ़ा दी है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान का मौजूदा खाद्य संकट आने वाले महीनों में और ज्यादा गहरा सकता है।

यूएन की रिपोर्ट का शीर्षक है- 'हंगर हॉटस्पॉट्सः एफएओ-डब्ल्यूएफपी अर्ली वॉर्निंग ऑन सीवियर फूड इनसिक्योरिटी।' इस रिपोर्ट में उन देशों को लेकर चेतावनी जारी की गई है, जहां आने वाले दिनों में खाद्य सामग्री की भारी किल्लत होने की संभावना है। इस रिपोर्ट को फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन (एफएओ) और यूएन की संस्था वर्ल्ड फूड प्रोग्राम (डब्ल्यूएफपी) की तरफ से तैयार किया गया है। इस रिपोर्ट में अलग-अलग देशों को जून से नवंबर तक के हालात के लिए सतर्क रहने को कहा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले से ही वैश्विक स्तर पर आए आर्थिक संकट और देश पर बढ़ते कर्ज के चलते पाकिस्तान एक आर्थिक संकट के बीच में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान सरकार को अप्रैल 2023 से लेकर जून 2026 तक 77.5 अरब डॉलर (करीब 21 लाख 83 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपये) के बराबर विदेशी कर्ज चुकाना है। यह आंकड़ा डराने वाला इसलिए भी है, क्योंकि पाकिस्तान की कुल जीडीपी ही 350 अरब डॉलर (करीब 98 लाख 62 हजार करोड़ पाकिस्तानी रुपये) की है। यूएन की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान में बढ़ती राजनीतिक अस्थिरता और सुधारों में पिछड़ने की वजह से अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भी उसके लिए नया कर्ज आवंटन रोका है। साथ ही उसके साथी देश भी उसकी मदद करने से हिचक रहे हैं।

## दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी विमान के पीछे पड़ा चीन का फाइटर जेट

**वाशिंगटन।** अमेरिका-चीन के संबंध लगातार तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा, जहां उसकी सेना भारत में घुसपैठ करनी की कोशिश में लगी है। वहीं, अमेरिका से दुश्मनी बढ़ाने के लिए युद्धाभ्यास कर रहा। दरअसल, अमेरिका के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि एक चीनी लड़ाकू विमान ने अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में दक्षिण चीन सागर के ऊपर एक अमेरिकी सैन्य विमान के पास अनावश्यक रूप से आक्रामक युद्धाभ्यास किया। इंडो-पैसिफिक के लिए जिम्मेदार अमेरिका के सैन्य कमांड ने एक बयान में कहा कि चीनी जे-16 विमान ने पिछ्ले हफ्ते पैंतरेबाजी दिखाई, जिस वजह से अमेरिका के आरसी-135 विमान को टर्बुलेंस का सामना करना पड़ा। बयान में कहा गया कि हम डरने वाले नहीं है। अमेरिका जहां भी अंतरराष्ट्रीय कानून की अनुमति देता है, वहां उड़ान भरना, नौकायन करना और सुरक्षित और जिम्मेदारी से काम करना जारी रखेगा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि एक चीनी लड़ाकू विमान अमेरिका के विमान के सामने से गुजरा, जिसके कुछ सेकंड बाद ऋष्ट-135 का कॉकपिट झटके से डगमगा गया।

# शंकराचार्य की यात्रा से भारत-बांग्लादेश संबंधों में आई और प्रगाढ़ता

**ढाका।** बंगभूमि के राजनेताओं और प्रबुद्ध जनों का मानना है कि गोवर्धन पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अधोक्षजानंद देव तीर्थ महाराज की यात्रा से बांग्लादेश और भारत के संबंधों में और प्रगाढ़ता आई है। राजधानी ढाका सहित बांग्लादेश के विभिन्न क्षेत्रों में हिन्दुओं के अलावा मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा जिस तरह से शंकराचार्य का स्वागत हुआ, उससे भी यही संकेत मिले हैं। भारत के नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ जगद्गुरु शंकराचार्य आठ दिवसीय बांग्लादेश यात्रा के लिए ढाका हवाई अड्डे पर जब पहुंचे तो सत्तारूढ़ दल के सांसद पंकज नाथ और सांसद श्रीमती अर्चना गोरो समेत कई जनप्रतिनिधियों ने उनकी आगवानी की। दूसरे दिन राजधानी ढाका में जगद्गुरु का अभूतपूर्व नागरिक अभिनंदन हुआ। इस कार्यक्रम में हिन्दू, मुस्लिम दोनों समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद विभिन्न शक्ति पीठों और देवालयों में दर्शन व पूजन के लिए जब शंकराचार्य पहुंचे तो सभी जगह हर वर्ग के लोगों ने उत्साह के साथ उनकी आगवानी की।

**जगद्गुरु के आने से हम सभी लोग बहुत खुश : गुलाम मोहम्मद कादर**

बांग्लादेश के प्रमुख विपक्षी दल जातीय पार्टी के अध्यक्ष व सांसद गुलाम मोहम्मद कादर ने कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के आने से वे सभी लोग बहुत खुश हैं। हिन्दुस्थान समाचार से एक वार्ता के दौरान मोहम्मद कादर ने कहा कि जगद्गुरु



बांग्लादेश के हर धर्म के लोगों को अपना आशीर्वाद देने आए हैं।हम सब सौभाग्यशाली हैं कि सैकड़ों साल बाद बांग्लादेश में शंकराचार्य जी के दर्शन हो रहे हैं। गुलाम मोहम्मद कादर ने शंकराचार्य जी से अपने संसदीय क्षेत्र, रंगपुर आने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश दोनों अलग-अलग संप्रभु राष्ट्र हैं, लेकिन सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक ही हैं। भारत के साथ हमारे सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक संबंध भी बड़े ही प्रगाढ़ हैं। शंकराचार्य जी के आने से दोनों देशों के संबंधों की यह प्रगाढ़ता और मजबूत होगी।

**भारत का बहुत ऋणी है बांग्लादेश : सैयद अबू हुसैन बावला**

ढाका के सांसद सैयद अबू हुसैन बावला ने कहा कि लोगों की पूजा पद्धति अलग-अलग हो सकती है लेकिन, सभी धर्म का वास्तविक मकसद मानवता है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य मानवता का संदेश लेकर आए हैं, इसलिए बांग्लादेश की पूरी जनता उनके स्वागत को उमड़ पड़ी है। विपक्ष के सांसद सैयद अबू हुसैन ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई में बहुत मदद की है। इसलिए जब तक बांग्लादेश का अस्तित्व है, तब तक वह भारत का ऋणी रहेगा।

**बांग्लादेश में शंकराचार्य का आना हम सब का सौभाग्य : पंकज नाथ**

बांग्लादेश में सत्ता दल के सांसद पंकज नाथ ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि बंगभूमि में शंकराचार्य का आगमन होना हम सब के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। जगद्गुरु का स्वागत कर हम सब अपने को धन्य मान रहे हैं। सांसद पंकज नाथ ने कई जनप्रतिनिधियों के साथ शंकराचार्य की ढाका हवाई अड्डे पर आगवानी की। इसके बाद विभिन्न शक्ति पीठों में भी वह शंकराचार्य के साथ पूजन में शामिल हुए।

## मुंबई आतंकी हमलों की साजिश रचने वालों में शामिल लश्कर आतंकी भुट्टावी की पाकिस्तान जेल में मौत

**इस्लामाबाद।** वर्ष 2008 में मुंबई पर हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वालों में शामिल रहे लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अब्दुल सलाम भुट्टावी की पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की शेखूपुरा जेल में मौत हो गयी। वह आतंकवाद को वित्तीय सहायता के मामले में सजा काट रहा था।

वर्ष 2008 में भारत की औद्योगिक राजधानी कहे जाने वाले शहर मुंबई पर जबर्दस्त आतंकी हमले हुए थे। इन आतंकी हमलों की साजिश रचने वालों में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी अब्दुल सलाम भुट्टावी भी शामिल था। वर्ष 2011 में भुट्टावी ने खुद 20 साल तक आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने की बात कबूल की थी। वर्ष 2011 में अमेरिका ने भी भुट्टावी पर आतंकी हमलों के लिए धन जुटाने और उग्रवादियों की भर्ती करने के आरोप लगाते हुए उस पर पाबंदियां लगाई थीं। तब अमेरिका ने कहा था कि भुट्टावी ने अपने



भाषणों और फतवे जारी कर आतंकियों को मुंबई पर हमले के लिए तैयार किया था। पाकिस्तान में रह कर आतंकवाद के प्रसार के लिए धन मुहैया कराने (टेरर फंडिंग) के मामले में भुट्टावी पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की शेखुपुरा जेल में बंद था। वर्ष 2020 में उसे लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद के बहनोई अब्दुल रहमान मक्की के साथ साढ़े सोलह साल कैद की सजा सुनाई गई थी। जेल में ही दिल का दौरा पड़ने से भुट्टावी की मौत हो गयी। खुफिया एजेंसियों ने भी भुट्टावी की मौत की पुष्टि की है। जेल में मौत के बाद लाहौर में भट्टावी का अंतिम संस्कार किया गया।

## ब्यूटी कॉन्टेस्ट में हार गई पत्नी तो पति ने विजेता का ताज छीना, जमीन पर फेंक कर तोड़ा

**ब्रासीलिया।** पति और पत्नी का प्रेम अपार है। एक पति अपनी पत्नी से कितना प्यार कर सकता है, इसका उदाहरण विदेश से सामने आया है। यहां एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट में जब पत्नी दूसरे नंबर पर आई तो पति से सहा नहीं गया और उसने मंच पर चढ़कर जीती सुंदरी के सिर से ताज उतार उसे जमीन पर फेंक कर तोड़ दिया। वहां बैठे एक शख्स ने पूरा वीडियो बन लिया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो अब खूब वायरल हो रहा है। घटना ब्राजील की है। ब्राजील के एक लोकल मीडिया के अनुसार, एलजीबीटीक्यू ब्यूटी कॉन्टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था, जिसमें कई सारे चरणों को पार करने के बाद नथाली बेकर और इमानुएली बेलिनी फाइनल तक पहुंची थी। कार्यक्रम के अंत में मिस गे माटो ग्रोसो 2023 पेजेंट का ताज इमानुएली बेलिनी को पहनाया गया। इससे बेकर का पति गुस्सा गया। वह भड़क कर मंच पर हंगामा किया वैसे ही सुरक्षा गार्ड वहां आ गए और वे पति को अपने साथ मंच के पीछे ले गए।



चढ़ा और बेलिनी के सिर से चमचमाता ताज खींचकर जमीन पर फेंक कर तोड़ दिया। पति का गुस्सा इतने में ही शांत नहीं हुआ, उसने दोबारा नीचे से ताज उठाया और दोबारा उसे जमीन पर फेंक दिया।

**परिणामों से खुश नहीं था आरोपी-** एक विदेशी समाचार पत्र के अनुसार, जैसे ही पति ने कॉन्टेस्ट की कॉर्डिनेटर मालोन हेनिस्क ने बताया कि रनर अप महिला का पति परिणामों से असंतुष्ट था। इसलिए उसने यह हरकतें की। हम घटना की कड़ी निंदा करते हैं। कार्यक्रम के आयोजकों का कहना है कि कॉन्टेस्ट के जजों ने निष्पक्षता से परिणामों की घोषणा की है।

## काम आया PM मोदी का ऑस्ट्रेलिया दौराः खालिस्तान समर्थकों को सिडनी में झटका, रद्द किया गया आयोजन

**सिडनी।** विवादित संगठन सिख फॉर जस्टिस के मंसूबों पर सिडनी मेसोनिक सेंटर (एसएमसी) ने पानी फेर दिया है। सिडनी में प्रस्तावित संगठन के जनमत संग्रह के प्रस्तावित कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। बता दें, यह कार्यक्रम सिडनी मेसोनिक सेंटर में आयोजित किया जाना था। बता दें, यह कार्यक्रम 4 जून को आयोजित होने वाला था।

ऑस्ट्रेलिया मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि जब से सिख फॉर जस्टिस के कार्यक्रम होने की बात सामने आई थी, तब से ही लगातार शिकायतें और धमकियां मिल रही थीं। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर कार्यक्रम की बुकिंग रद्द कर दी गई है। एक प्रवक्ता ने कहा कि हम बुकिंग के समय इस खालिस्तान घटना की प्रकृति को



नहीं समझ पाए। बहुत विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि सिडनी मेसोनिक सेंटर किसी भी घटना का हिस्सा नहीं बनना चाहता है, जो संभावित रूप से समुदाय को नुकसान पहुंचा सकता है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि धर्मेंद्र यादव ने सिख फॉर जस्टिस के प्रचार कार्यक्रम द्वारा तैयार किए गए पोस्टर व बैनर में आतंकी गतिविधियों में शामिल रहे लोगों की प्रशंसा किए जाने की शिकायत की थी। उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि पिछले पांच दिनों से हर सुबह हिंदू विरोधी नारे वाले बैनर देखने को मिल रहे थे। द ऑस्ट्रेलिया टुडे ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी को आश्वासन दिया है कि उनकी सरकार चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना जारी रखेगी जो दोनों देशों के बीच मजबूत और गहरे संबंधों को बाधित करना चाहते हैं।

खालिस्तान संकट के संदर्भ में भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा है कि इस तरह के तत्वों पर नकेल कसने के लिए दोनों सरकारों को जो भी करना होगा, हम करेंगे।

## ईरान से ऊर्जा आयात करने की पाकिस्तान की मंशा पर आतंकवाद की तगड़ी मार

**इस्लामाबाद।** ईरान से पाकिस्तान की लगी सीमा पर हाल में हुए एक आतंकवादी हमले से ईरान से ऊर्जा आयात करने की शहबाज शरीफ सरकार की मंशा पर तगड़ी चोट पहुंची है। विदेशी मुद्रा की किल्लत से उबरने की कोशिश में शरीफ सरकार ने ईरान से किफायती दर पर ऊर्जा आयात की योजना बनाई है। विश्लेषकों के मुताबिक आतंकवादी हमले ने इस रास्ते में नई रुकावटें खड़ी कर दी हैं। पाकिस्तान की सीमा से लगे एक ईरानी शहर में आतंकवादी गुट सरावान के साथ बीते 21 मई को ईरान के बॉर्डर गार्ड्स की मुठभेड़ हुई थी। उनमें पांच ईरानी बॉर्डर गार्ड्स मारे गए थे। इसके ठीक पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की सीमा से लगे एक गांव में मुलाकात हुई थी। वहां वे 100 मेगावाट बिजली की ट्रांसमिशन लाइन के उद्घाटन के लिए गए थे। इस ट्रांसमिशन लाइन से पाकिस्तान के बंदरगाह ग्वादार को ईरान में बनी बिजली पहुंचाई जानी है। ग्वादार परियोजना का निर्माण चीन की महत्त्वाकांक्षी योजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के तहत हुआ है। ईरान के विदेश मंत्री ने आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए इसे 'ईरान और पाकिस्तान के बीच सहयोग और दोस्ताना संबंधों को नुकसान पहुंचान की कोशिश' बताया था। हमले की जिम्मेदारी आतंकवादी गुट जैश-उल-अदल ने ली। इस गुट ने कहा कि शिया बहुल ईरान में सुन्नी मुसलमानों के साथ बदसलूकी का बदला लेने के लिए उसने यह हमला किया। वॉशिंगटन स्थित थिंक टैंक मिडल ईस्ट इंस्टीट्यूट में ईरान प्रोग्राम के निदेशक एलेक्स वतान्का ने कहा है- 'यह हमला ईरान और पाकिस्तान के बीच संभावित ऊर्जा करार के लिए बड़ा झटका है।

# 'गारंटी लेता हूं कि मुस्लिमों की तरह ही सिख-ईसाई और दलित भी खुद पर हमला महसूस कर रहे', बोले राहुल गांधी

**सैन फ्रांसिस्को ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी छह दिन के लिए अमेरिका आए हुए हैं। वह यहां तीन शहरों का दौरा करेंगे। इस बीच, सैन फ्रांसिस्को में राहुल गांधी ने बुधवार सुबह भारतीयों से बातचीत की। जहां उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा, वहीं उन्होंने मुस्लिमों पर हो रहे हमले का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जो पहले कभी नहीं देखा गया। इतना ही नहीं पहले जो कभी




बदलाव नहीं हुए, आज कल किए जा रहे है। यहां तक कि मुस्लिम बच्चों को उन मामले में जेल भेजा जा रहा है, जिसे उन्होंने किया ही नहीं है। बे एरिया मुस्लिम कम्युनिटी ने कहा कि आप इस पर क्या भरोसा देना चाहते हैं? भारत में मुस्लिमों की स्थिति क्या है? आप क्या कदम उठाने वाले हैं? जिस से भारत सामान्य स्थिति में लौट सके?

**जैसा आप महसूस करते हैं वैसे ही सारे महसूस कर रहे**

राहुल गांधी ने इसका जवाब देते हुए कहा कि मैं कह सकता हूं कि 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान'। उन्होंने कहा कि इससे अच्छा तरीका और कुछ नहीं है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि मैं आपको गारंटी दे सकता हूं कि जैसा आप महसूस करते हैं वैसे ही सारे समुदाय महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिस तरह मुसलमानों पर हमला हो रहा है और वह जो महसूस कर रहे हैं। मैं गारंटी दे सकता हूं कि सिख, ईसाई, दलित, आदिवासी भी ऐसा ही महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत में मुस्लिमों के साथ जो हो रहा है वहीं, 1980 के दशक में दलितों के साथ हुआ था। राहुल ने आगे कहा कि नफरत को नफरत से नहीं काटा जा सकता है। बल्कि नफरत को प्यार से दूर किया जा सकता है।

**भारत में बड़ी संख्या में अच्छे लोग**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैं आर्श्चचकित हूं कि भारत में कैसे नफरत बढ़ रही है। जबकि वहां के लोग बिल्कुल ऐसे नहीं है। वह एक दूसरे की मदद करने में विश्वास रखते हैं। भारत में फैलती नफरत के पीछे कुछ सीमित लोग हैं। ये लोग कुछ लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। यही लोग मीडिया को भी कंट्रोल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि ऐसे लोगों की संख्या ज्यादा नहीं है, पर जितने हैं सब पैसों का उपयोग कर रहे हैं।

**भारत जोड़ो यात्रा से सामने आया ये सच**

राहुल ने कहा कि लेकिन मैं ये भी कहना चाहूंगा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मैंने पाया कि भारत के लोगों में बहुत प्यार स्नेह की भावना है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक कई लाखों लोग मिले, जिनमें नफरत को लेकर दुख है। उन्हें विश्वास नहीं होता है कि कैसे भारत में नफरत बढ़ रही है।

## किम जोंग-उन का जासूसी सैटेलाइट मिशन फेल, यलो सी में गिरा रॉकेट; जापान-द कोरिया ने जारी की चेतावनी

**सियोल ।** उत्तर कोरिया द्वारा लॉन्च किया गया मिसाइल फेल हो गया और वह सीधे येलो सी में जा गिरा। यह एक सैन्य जासूसी उपग्रह था, जो इंजन की समस्या के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। कोरियाई मीडिया के अनुसार, उनके वैज्ञानिकों का कहना है कि वह जल्द से जल्द दूसरी लॉन्चिंग करेंगे और इस बार पहली गलतियों से सीख लेंगे। उत्तर कोरिया ने अपने पश्चिमी तट के लॉन्चिंग स्टेशन से 6.27 बजे रॉकेट लॉन्च किया था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्मल उड़ान के दौरान पहले चरण की सफलता के बाद दूसरे चरण में आते ही इंजन में दिक्कत आ गई, जिसके वजह से मिशन फेल हो गया। कोरिया का कहना है कि वे इस मिशन की सिरे से जांच करेंगे और सामने आई खामियों को दूसरी उड़ान से पहले सही करेंगे। अधिकारियों का कहना है कि अपना दूसरा परीक्षण हम जल्द से जल्द करेंगे।

**पड़ोसी देशों ने जारी की चेतावनी**

समुद्र में रॉकेट गिरने के कारण जापान और दक्षिण कोरिया



ने आपातकालीन चेतावनियां जारी की हैं। दोनों देशों ने अपने नागरिकों से कहा कि अगर आप लोग घरों से बाहर हैं तो जल्द घर पहुंचने की कोशिश करें और अपने आप को कवर करें। जापानी मीडिया के अनुसार, जापान के रक्षा मंत्रालय ने बैलिस्टिक मिसाइल होने का अंदेशा जताया है। प्योंगयांग ने जापान के कोस्ट गार्ड को रॉकेट गिरने के तीन जगहों के बारे में अंदेशा जताया था। इनमें से दो स्थान स्थान पश्चिमी कोरियाई के थे तो तीसरा स्थान पूर्वी फिलिपिंस का था। तीनों इलाके जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के तहत नहीं आते थे।

**जापान ने कहा- संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का उल्लंघन**

सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के वाइस चेयरमैन री प्योंग चोल ने सोमवार को कहा था कि उनका पहला जासूसी सैटेलाइट ट्रैकिंग और निगरानी समते कई काम एक समय में कर सकता है। इससे अमेरिका सहित अन्य दुश्मन देशों की हरकतों पर नजर रखा जा सकता है। जापानी पीएम फुमियो किशिदा ने कहा कि इतिहास को याद करते हुए कहा कि कोरिया क्या पता अपने बैलिस्टिक मिसाइल्स का परिक्षण कर रहा है। अगर ऐसा है तो यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन होगा। बता दें, संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुसार, उत्तर कोरिया के हथियारों से संबंधित कामों पर रोक लगाया गया है।

## एक दशक से भी कम समय में बदल गया है भारतः मॉर्गन स्टेनली

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक दशक से भी कम समय में बदल गया है। साथ ही आज विश्व व्यवस्था में एक स्थान हासिल करने की ओर अग्रसर है। अमेरिकी ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनली रिसर्च की जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। मॉर्गन स्टेनली की रिपोर्ट के मुताबिक भारत एशिया और वैश्विक वृद्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने को तैयार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत एक दशक से कम समय में मजबूत हुआ है। यह भारत 2013 से अलग है, जो दस साल के छोटे से समय में दुनिया की व्यवस्था में अपना स्थान बना लिया है। ब्रोकरेज कंपनी ने प्रधानमंत्री मोदी के पद संभालने के बाद 2014 से अबतक हुए 10 बड़े बदलावों का जिक्र किया है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कॉरपोरेट टैक्स की दर को अन्य देशों के बराबर किया गया है। इसके अलावा बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के फीसदी में डिजिटल लेन-देन बढ़ रहा है, जो अर्थव्यवस्था के संगठित होने का संकेत है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।